दैनिक
# नवयत्न
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
खबरें सड़क से संसद तक

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

वर्ष: 17 | अंक 146 | सीकर, शनिवार 25 जुलाई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## गीतांजली ज्वैलर्स लाया हल्के और आकर्षक गहनों की नई रेंज

संजय सोनी



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** आभूषणों की दुनिया में विश्वसनीय नाम गीतांजली ज्वैलर्स एक बार फिर ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए खास कलेक्शन लेकर आया है। यहां हर रोज पहनने के लिए हल्के वजन में बेहद खूबसूरत और आकर्षक गहनों की बड़ी श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है जो महिलाओं की सुविधा और स्टाइल दोनों का बेहतरीन मेल प्रस्तुत करती है। गीतांजली समूह के चेयरमैन शिवकरण जानू ने बताया कि हर व्यक्ति की इच्छा होती है कि वह गहने पहने लेकिन उनका वजन भारी न हो। इसी जरूरत को समझते हुए ज्वैलर्स द्वारा विशेष कलेक्शन तैयार किया गया है। इस कलेक्शन में हाथ, कान, नाक और गले में पहने जाने वाले आभूषणों की डिजाइन इस प्रकार बनाई गई है कि वे हल्के होने के साथ-साथ बेहद मनभावन भी लगते हैं। उन्होंने बताया कि ग्राहकों की पसंद को और अधिक महत्व देते हुए व्हाट्सएप या अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से पसंद किए गए डिजाइन के फोटो दिखाने पर कारीगरों द्वारा हूबहू वैसा ही गहना, कम वजन में और कम समय में तैयार कर उपलब्ध कराया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गीतांजली समूह पिछले 35 वर्षों से शेखावाटी क्षेत्र में शुद्ध सोने, चांदी कुंदन और डायमंड ज्वैलरी के लिए अपनी गुणवत्ता और भरोसे के कारण जनता की कसौटी पर खरा उतरता रहा है।

## पेपर लीक संशोधन बिल को मोदी कैबिनेट की मंजूरी

# 10 साल की सजा, 10 करोड़ जुर्माना...

नई दिल्ली।

नीट पेपर लीक के प्रदर्शन के बीच कैबिनेट बैठक ने पेपर लीक संशोधन बिल को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट बैठक में पब्लिक एग्जामिनेशंस (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 को और सख्त बनाने के प्रस्ताव पर चर्चा के बाद इसे मंजूरी दी गई। सरकार अगले सप्ताह में मानसून सत्र के दौरान इस संशोधित विधेयक को संसद में पेश करने की तैयारी में है। इस बिल में पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ कड़े प्रावधान होंगे। बिल में पेपर लीक के मामलों में 10 की सजा और 10 करोड़ के जुर्माना का प्रावधान होगा। पेपर लीक विवाद और प्रदर्शन के बीच पीएम मोदी ने गुरुवार आधी रात 12 बजे छात्रों के लिए वीडियो संदेश जारी किया था। पीएम मोदी ने 2.56 मिनट का एक वीडियो एक्स पर पोस्ट किया।

### पीएम मोदी ने क्या कहा

पीएम ने कहा, पेपर लीक कोई मामूली विषय नहीं है। यह लाखों छात्रों और उनके माता-पिता के लिए पीड़ादायक है। इसलिए पेपर लीक रोकने के लिए पिछले ढाई महीनों में कई कदम उठाए हैं। गुनहगारों को पकड़ा है, वे जेल में हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की जिम्मेदारी थी कि छात्रों का साल बर्बाद न हो। इसलिए कम समय में 22 लाख छात्रों का एग्जाम कराया। 19 जुलाई को रिजल्ट भी आ गया।

वहीं यह भी एलान किया था कि पेपर लीक रोकने के लिए अगले हफ्ते संसद में नया बिल पेश किया जाएगा। इसे जल्द से जल्द पास कराने की कोशिश की जाएगी। साथ ही उन्होंने इससे पहले एलान किया था कि पेपर लीक केस के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाए जाएंगे। पेपर लीक से जुड़े मामलों में फास्ट-ट्रैक कोर्ट के लिए यह अनिवार्य होगा कि वे मामले का निपटारा करें और तीन महीने के भीतर सजा सुनाएं।

नीट यूजी पेपर लीक के खिलाफ जंतर-मंतर पर सीजेपी का प्रदर्शन जारी है। प्रदर्शन में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे, परीक्षा में गड़बड़ियों के लिए जवाबदेही, शिक्षा प्रणाली में सुधार और मई में नीट-यूजी पेपर लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की मांग की जा रही है।





पेपर लीक की मांगों के खिलाफ एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने 26 दिन का अनशन किया था और संसद में भी हंगामा जारी है। इस मामले में सीबीआई की जांच जारी है। अब तक अलग-अलग राज्यों से 13 आरोपी पकड़े जा चुके हैं।

### क्या है कानून में नियम

देश में पेपर लीक से जुड़ा जो अधिनियम लागू है, उसमें यह प्रावधान हैं।

**पेपर लीक करने पर:** 3 से 5 साल जेल और 10 लाख तक जुर्माना

**गिरोह शामिल होने पर:** 5 से 10 साल जेल और 1 करोड़ तक जुर्माना

**एजेंसी दोषी होने पर:** 1 करोड़ जुर्माना, परीक्षा की पूरी लागत वसूली और अगले 4 साल परीक्षा कराने पर बैन

इस कानून के तहत अपराध गैर जमानती है और समझौता नहीं हो सकता। जांच डीएसपी रैंक या उससे सीनियर अफसर करेंगे।

## ज्ञापन : हड्डी रोग विशेषज्ञ की मांग



निसं

**मुकुंदगढ़ ( नवयत्न )।** मुकुंदगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हड्डी रोग विशेषज्ञ की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद चौबे ने चिकित्सा मंत्री को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी के द्वारा ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया कि कस्बे में रोगियों की संख्या को देखते हुए हड्डी रोग विशेषज्ञ लगाने की मांग की गई। मुकेश भार्गव, तस्लीम फारुकी, लियाकत व्यापारी, इरफान फारुकी, सुमित जांगिड़ एवं संदीप बेरवाल सहित गणमान्य जन मौजूद रहे।

## कांग्रेस का कैंडल लाइट मार्च और सत्याग्रह आज

हर्ष सोनी

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** नई दिल्ली में हुई दमनात्मक घटनाओं और कांग्रेस द्वारा चलाये जा रहे देशव्यापी निरंतर आंदोलन के क्रम में एआईसीसी के आह्वान पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नीट पेपर लीक और सीबीएसई परीक्षा में अनियमिताओं के बाद मोदी सरकार द्वारा की गई दमनात्मक कार्रवाई के विरोध में आज दिनांक 25 जुलाई को शाम 6:30 बजे मंडावा विधायक व जिला अध्यक्ष रीटा चौधरी के नेतृत्व में गांधी चौक से अंबेडकर पार्क तक विशाल केंडल लाइट मार्च व सत्याग्रह का आयोजन किया जाएगा। कांग्रेस ओबीसी विभाग जिलाध्यक्ष संतोष सैनी ने बताया कि कैंडल मार्च में जिले के समस्त कांग्रेस जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी, अग्रिम संगठनों युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल, महिला कांग्रेस, समस्त विभागों व प्रकोष्ठों, ब्लॉक व मंडल कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी, नगर निकाय व पंचायती राज के निवर्तमान व पूर्व जन प्रतिनिधियों तथा विद्यार्थीयों अभिभावकों, शिक्षकों, धार्मिक व सामाजिक संगठनों सहित आमजन शामिल होकर छात्रों के अधिकारों, निष्पक्ष शिक्षा व्यवस्था और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अपनी एकजुट प्रदर्शित करेंगे और भविष्य में ऐसी विफलताओं पर सरकार की जवाबदेही तय करने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग करेंगे।

# हिमाचल में कार पर चट्टानें गिरी, 13 की मौत

## मरने वालों में 6 महीने की बच्ची भी शामिल, एक शव की नहीं हो पाई पहचान

पतलीकूहल, भरमौर।

हिमाचल प्रदेश के ट्राइबल जिला लाहौल-स्पीति में शुक्रवार को दोपहर उदयपुर-किलाड़ सड़क पर कड़ू नाला के पास चलती गाड़ी पर चट्टानें गिर गई। इससे टाटा सूमो टैक्सी में सवार 13 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हैं। मरने वालों में 6 महीने की बच्ची भी शामिल है। भरमौर के विधायक डॉ. जनकराज ने बताया कि टाटा सूमो में कुल 15 लोग सवार थे। सभी पांगी क्षेत्र के रहने वाले हैं और कुल्लू से पांगी लौट रहे थे। इस दौरान कड़ू नाला के पास पहाड़ी से बड़ी बड़ी चट्टानें गाड़ी पर गिर गई। इससे टाटा सूमो गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई । उन्होंने बताया कि पहाड़ी से चट्टानें गिरने के बाद गाड़ी के पिछले हिस्से में आग लग गई, जिसे मौके पर मौजूद लोगों और जवानों ने बुझाने का प्रयास किया। हादसा इतना खतरनाक था कि मृतकों के शवों की पहचान करना मुश्किल हो गया था। एक शव की अभी भी पहचान नहीं हो सकी।

### आज ही खुला था रोड

जानकारी के अनुसार, उदयपुर-किलाड़ सड़क पिछले दिन बारिश के बाद लैंडस्लाइड की वजह से बंद था। इससे सभी लोग तिंदी में रुके हुए थे। 24 जुलाई को सड़क बहाल होने के बाद वे पांगी की ओर रवाना हुए थे, तभी कड़ू नाला के पास अचानक पहाड़ी से बड़ी बड़ी चट्टानें गाड़ी पर गिरी।

भरमौर के विधायक जनक राज ने चंबा और लाहौल-स्पीति के डीसी से राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया है। पुलिस, प्रशासन और बचाव दल घटनास्थल पर अभियान में जुटे हुए हैं।



### सभी मृतक पांगी घाटी के निवासी

**सभी मृतक पांगी घाटी के निवासी बताए जा रहे हैं। लाहौल-स्पीति की डीएसपी रश्मि शर्मा ने बताया कि पुलिस टीम मौके के लिए रवाना हो चुकी है। एसपी लाहौल स्पीति शिवानी मेहला ने बताया कि गाड़ी में सवार 15 लोगों में से 13 की मौत हो गई है।**

## सोना-चांदी के भाव लुढके, जयपुर सराफा बाजार में आई बड़ी गिरावट!

**जयपुर.** जयपुर सराफा बाजार में सोना और चांदी खरीदने वालों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है. 24 जुलाई 2026 को जयपुर सराफा ट्रेडर्स कमेटी की ओर से जारी नए भाव के अनुसार कीमती धातुओं की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है. आज चांदी के भाव में 6000 रुपए प्रति किलो की कमी आई है, जबकि सोना भी 2400 रुपए प्रति दस ग्राम सस्ता हुआ है. गिरावट के बाद जयपुर में चांदी का नया भाव 236,700 रुपए प्रति किलो, शुद्ध सोना 146,600 रुपए प्रति दस ग्राम और जेवरात सोना 135,600 रुपए प्रति दस ग्राम पहुंच गया है. जयपुर सराफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट देखने को मिली. सराफा ट्रेडर्स कमेटी के मुताबिक चांदी के भाव में 6000 रुपए प्रति किलो की कमी आई है. इसके बाद चांदी का रेट 236,700 रुपए प्रति किलो हो गया है.

## मुख्यमंत्री ने 'राजस्थान वाटर कॉन्क्लेव' में की शिरकत

# जल संचयन बने जन आंदोलन, भावी पीढ़ियों का भविष्य करें सुरक्षित : मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में सरकार के गठन के तुरंत बाद से ही हमने जल आत्मनिर्भरता के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिनका असर धरातल पर नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि रामजल सेतु लिंक परियोजना से लेकर यमुना जल समझौते जैसे अभूतपूर्व कार्यों को मूर्त रूप देकर जल आपूर्ति के क्षेत्र में एक नए राजस्थान की आधारशिला रखी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार के इन्हीं प्रयासों से राजस्थान आने वाले समय में जल प्रबंधन एवं जल संचयन का राष्ट्रीय मॉडल बनेगा। मुख्यमंत्री शुक्रवार को जयपुर में 'राजस्थान वाटर कॉन्क्लेव' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जल संरक्षण को राष्ट्रीय कर्तव्य मानते हैं और आने वाली पीढ़ियां हमारे जल संरक्षण के प्रयासों के आधार पर हमारा मूल्यांकन करेंगी। कैच द रेन, नमामि गंगे, जल संचय-जन भागीदारी, जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना, अमृत सरोवर, हर खेत को पानी तथा प्रति बूंद अधिक फसल जैसे दूरदर्शी कार्यक्रमों ने देश में जल सुरक्षा को नई दिशा प्रदान की है।

### जल संरक्षण पर संवाद, अनुभव और नवाचारों पर बात

मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्यरत विभिन्न संस्थाओं एवं विषय विशेषज्ञों से संवाद कर उनके अनुभव, नवाचारों एवं सुझावों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान और भावी पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। सरकार के प्रयासों, संस्थाओं के सहयोग, विशेषज्ञों के अनुभव और आमजन की सक्रिय भागीदारी से राजस्थान जल आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने संस्थाओं एवं विशेषज्ञों से आह्वान किया कि वे स्थानीय स्तर की जल चुनौतियों को समझते हुए आधुनिक तकनीक आधारित मॉनिटरिंग, नवाचारपूर्ण समाधानों और वैज्ञानिक दृष्टिकोण के साथ जल संचयन, संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में अपना योगदान दें।




### प्रदेश के हर कोने को मिलेगा पानी-

उन्होंने कहा कि रामजल सेतु लिंक परियोजना राजस्थान के जल इतिहास का नया अध्याय है। इस परियोजना से प्रदेश के 17 जिलों में पेयजल सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ ही लगभग 4 लाख 84 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। वहीं, यमुना जल समझौते के तहत लगभग 295 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन से 1,917 क्यूसेक यमुना जल शेखावाटी पहुंचेगा, जिससे सीकर, झुंझुनूं और चूरू जिले के लगभग 75 लाख लोगों को स्थायी पेयजल राहत मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उदयपुर शहर की पेयजल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 1 हजार 691 करोड़ रुपये की लागत से देवास तृतीय एवं देवास चतुर्थ परियोजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी प्रकार पश्चिमी राजस्थान के लिए आइजीएनपी के नहरी क्षेत्रों का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। वहीं, नर्मदा के पानी को रानीवाड़ा और भीनमाल तक पहुंचाने और ब्राह्मणी नदी के पानी को बीसलपुर तक लाने की कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। साथ ही, परवन बहुउद्देशीय सिंचाई परियोजना कोटा, बारां और झालावाड़ जिलों की जीवनरेखा साबित होगी। इस परियोजना पर राज्य सरकार अब तक 1 हजार 164 करोड़ रुपये व्यय कर चुकी है।

## राष्ट्रपति मुर्मु ने भारत-रोमानिया व्यापार मंच को किया संबोधित

### इंडिया-ईयू एफटीए के क्रियान्वयन पर दिया जोर

नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज शुक्रवार को बुखारेस्ट में भारत-रोमानिया व्यापार मंच को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में रोमानिया के राष्ट्रपति निकुसोर डैन, रोमानिया सरकार के सदस्यगण, भारत और रोमानिया के बिजनेस लीडर्स और दोनों देशों के उद्योग संघों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि यूरोप के प्रमुख संपर्क बिंदु पर स्थित रोमानिया अपनी रणनीतिक स्थिति, अत्यन्त कुशल मानव संसाधन, उन्नत औद्योगिक क्षमता और यूरोपीय संघ के साथ सुदृढ़ एकीकरण के कारण भारत का एक स्वाभाविक और महत्त्वपूर्ण साझेदार बना हुआ है। रोमानिया न केवल निवेश के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है बल्कि यह वृहत्तर यूरोपीय बाजार का प्रवेश द्वार भी है। उन्होंने कहा कि इस मंच पर बड़ी संख्या में भारतीय व्य पारिक प्रतिनिधिमंडल की भागीदारी, रोमानिया में विद्यमान अवसरों के प्रति भारतीय उद्योगों के बढ़ते विश्वास और रोमानियाई व्यवसायों के साथ स्थायी साझेदारी बनाने की उनकी इच्छा को व्यक्त करती है।

राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापार और आर्थिक सहयोग भारत और यूरोपीय संघ की समकालीन साझेदारी का प्रमुख आधार हैं।




लगभग दो अरब लोगों के संयुक्त बाजार और लगभग 25 ट्रिलियन डॉलर की संयुक्त अर्थव्यवस्था के साथ, भारतङ्कयूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) दुनिया की सबसे महत्त्वपूर्ण आर्थिक साझेदारियों में से एक है। इसका उद्देश्य व्यापारिक एकीकरण को और गहरा करना, निवेश के प्रवाह में तेजी लाना तथा सशक्त एवं विविधतापूर्ण आपूर्ति शृंखलाओं का निर्माण करना है।

उन्होंने इस बात पर बल दिया कि एफटीए का शीघ्र और प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत महत्त्वपूर्ण होगा। इससे कारोबार के लिए विश्वसनीय परिवेश तैयार होगा, मूल्य शृंखलाओं का एकीकरण मजबूत होगा तथा दोनों पक्षों के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), स्टार्टअप और नवाचारकर्ताओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे।

## कोबरी-सार



# कांग्रेस देश के युवाओं को गुमराह कर सेंक रही है राजनीतिक रोटियां : अग्रवाल

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** भाजपा प्रदेश प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी संसद में पेपर लीक जैसे गंभीर मुद्दे पर खुली, व्यापक और सार्थक चर्चा चाहती है लेकिन कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सदन की कार्यवाही बाधित कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अवरोध उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है बल्कि उनकी भावनाओं को भड़काकर राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास कर रही है। डॉ अग्रवाल ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में एनडीए सांसदों ने संसद के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन कर कांग्रेस द्वारा लगातार सदन नहीं चलने देने का विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि भाजपा पेपर लीक मामले में व्यापक चर्चा, निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ त्वरित एवं कठोर कार्रवाई के पक्ष में है जबकि विपक्ष इस मुद्दे पर चर्चा से बच रहा है। उन्होंने कहा कि जब लोकतांत्रिक तरीके से समस्या का समाधान निकालने की कोशिश की जा रही है, तब कांग्रेस बौखलाहट में संसद की कार्यवाही बाधित कर रही है। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस की प्राथमिकता युवाओं का भविष्य नहीं बल्कि राजनीतिक लाभ हासिल करना है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जब वे राजस्थान के शिक्षा मंत्री थे, तब रीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ था। उस समय उनके इस्तीफे की मांग उठी लेकिन उन्होंने यह कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया था कि परीक्षाएं अधिकारी कराते हैं। उन्होंने कहा कि आज वही डोटासरा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं, जो उनके दोहरे मापदंड को दर्शाता है।

डॉ अग्रवाल ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से सवाल किया कि यदि वे केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं तो क्या उन्होंने रीट पेपर लीक प्रकरण के दौरान तत्कालीन शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा को मंत्रिमंडल से हटाया था ? उन्होंने कहा कि कांग्रेस को पहले अपने शासनकाल की जवाबदेही तय करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि नवंबर 2021 में जयपुर में आयोजित एक राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने स्वयं शिक्षकों से सार्वजनिक रूप से पूछा था कि क्या तबादलों के लिए पैसे देने पड़ते हैं, जिस पर उपस्थित शिक्षकों ने एक स्वर में हां में जवाब दिया था। उस समय गोविंद सिंह डोटासरा शिक्षा मंत्री थे लेकिन इसके बावजूद उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। डॉ अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस को नैतिकता का पाठ पढ़ाने से पहले अपने शासनकाल के फैसलों और जवाबदेही पर आत्ममंथन करना चाहिए।

# हीरो के माइलेज कैंप में बाइक चालकों ने कराई जांच



ललित दाधीच

**राजलदेसर (नवयत्न)।** हीरो मोटोकॉर्प की ओर से शुक्रवार को कस्बे की अधिकृत एजेंसी एडी ऑटो सेल्स पर माइलेज कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 10 बाइक चालकों को शामिल कर उनकी मोटरसाइकिलों की माइलेज जांच की गई। कैंप के दौरान प्रत्येक बाइक की टंकी में निर्धारित मात्रा में पेट्रोल भरवाकर तय प्रक्रिया के अनुसार माइलेज की जांच की गई। इस दौरान ग्राहकों को वाहन की बेहतर परफॉर्मेंस और अधिक माइलेज प्राप्त करने के लिए आवश्यक तकनीकी जानकारी भी दी गई। एडी ऑटो सेल्स के संचालक दिनेश भार्गव ने बताया कि समय-समय पर सर्विस करवाना, सही एयर प्रेशर बनाए रखना, इंजन ऑयल समय पर बदलना तथा संतुलित गति से वाहन चलाना बेहतर माइलेज के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि ऐसे जागरूकता शिविरों का उद्देश्य ग्राहकों को अपने वाहन की सही देखभाल के प्रति जागरूक करना और उन्हें बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराना है। कैंप में कंपनी की ओर से बतौर प्रतिनिधि वेदप्रकाश की देखरेख में बाइक चालकों ने भी माइलेज जांच कराकर आवश्यक सुझाव प्राप्त किए। कंपनी की ओर से बेहतर माइलेज देने वाले ग्राहकों का प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया।

# सज्जन अग्रवाल जिला उपाध्यक्ष नियुक्त

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर (नवयत्न)।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, जिला इकाई-सीकर के जिला अध्यक्ष अनिल कुमार तोदी की अनुशंसा एवं जिला चेयरमैन अमित चिरानिया के मार्गदर्शन में संगठन की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सज्जन अग्रवाल पटवारी को जिला उपाध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर जिला चेयरमैन अमित चिरानिया, जिला अध्यक्ष अनिल कुमार तोदी एवं जिला महामंत्री मणिशंकर खेतान ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे अपने अनुभव, सक्रियता एवं समर्पण से संगठन को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक पवन मोदी सहित नवरंग पटवारी, संतोष पटवारी, राजकुमार काबरा, महेंद्र कुमार तोदी, कमल पटवारी, प्रदीप मोदी, रोहन अग्रवाल, कमल किशोर बंसल, विनोद पटवारी एवं अमित गर्ग ने सज्जन अग्रवाल पटवारी को नई जिम्मेदारी के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए उनके सफल कार्यकाल की मंगलकामनाएँ दीं। सम्मेलन परिवार ने सज्जन अग्रवाल पटवारी के सफल, गौरवपूर्ण एवं उज्ज्वल कार्यकाल की मंगलकामनाएँ व्यक्त करते हुए विश्वास जताया कि वे संगठन की गरिमा, एकता एवं समाज सेवा के कार्यों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगे।

# निरंकारी बाल समागम कल

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** संत निरंकारी मंडल शाखा कॉपर के तत्वावधान में दीनबंधु मैरिज पैलेस में रविवार को निरंकारी बाल समागम का आयोजन होगा। संयोजक घनश्याम दास ने बताया रविवार सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर एक बजे तक निरंकारी बाल समागम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षाजी के मार्गदर्शन में बच्चों में बचपन से ही मानवीय गुण, नैतिक मूल्य एवं आध्यात्मिक संस्कार विकसित करने के उद्देश्य से समागम के माध्यम से बच्चों को सेवा, प्रेम, सद्भासंत निरंकारी बाबा हरदेव सिंह महाराज द्वारा आध्यात्मिक जीवन के महत्व से अवगत कराया जाएगा।

# मानसिक स्वास्थ्य शिविर

## तनाव प्रबंधन और अवसाद से बचाव के दिए गुर

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** पुलिस कार्मिकों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने और तनावपूर्ण कार्य परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने के उद्देश्य से शुक्रवार को पुलिस लाइन जयपुर में मानसिक स्वास्थ्य शिविर एवं टॉक शो का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, अवसाद, चिंता, नशा मुक्ति और आत्महत्या की रोकथाम जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों ने विस्तृत जानकारी दी। यह कार्यक्रम का आयोजन पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पार्थ शर्मा, संचित निरीक्षक सपना पूनिया, डॉ. गिरिराज शर्मा और डॉ. अखिलेश के विशेष सहयोग से जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डीएमएचपी, जयपुर द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस कार्मिकों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, तनाव से निपटने के प्रभावी उपायों की जानकारी देना और समय रहते उपचार के लिए प्रेरित करना रहा। जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी एवं मनोचिकित्सक डॉ. गजानंद वर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मी लगातार तनावपूर्ण परिस्थितियों में कार्य करते हैं। ऐसे में मानसिक रूप से स्वस्थ रहना न केवल उनकी व्यक्तिगत बल्कि व्यावसायिक कार्यक्षमता के लिए भी बेहद आवश्यक है। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के शुरुआती लक्षणों की पहचान, समय पर उपचार, सकारात्मक जीवनशैली अपनाने और तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही पुलिस कार्मिकों के सवालों के जवाब भी दिए। शिविर के दौरान साइकियाट्रिक केयर नर्स संजय मित्तल और केस रजिस्ट्री असिस्टेंट मनीष कुमार सुनारीवाल ने पुलिस कार्मिकों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया। आवश्यकता अनुसार प्रतिभागियों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं तथा व्यक्तिगत एवं गोपनीय काउंसलिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों ने जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम पुलिस कार्मिकों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनानेए कार्यक्षमता बढ़ाने और सकारात्मक कार्य वातावरण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कार्यक्रम के अंत में सभी पुलिस कार्मिकों से अपील की गई कि यदि मानसिक तनाव, अवसाद या अन्य मानसिक स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार के लक्षण दिखाई दें तो बिना संकोच विशेषज्ञ से परामर्श लें। आवश्यकता पड़ने पर टेली-मानस हेल्पलाइन 14416 का उपयोग करने की भी सलाह दी गई।

# ज्ञापन : परीक्षा तिथि आगे बढ़ाने एवं महाविद्यालय की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग

निसं



**चूरू (नवयत्न)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने राजकीय लोहिया महाविद्यालय की प्राचार्य के माध्यम से महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर के परीक्षा नियंत्रक के नाम ज्ञापन सौंपकर विश्वविद्यालय परीक्षाओं की तिथि आगे बढ़ाने तथा महाविद्यालय की विभिन्न मूलभूत समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की है। इससे पूर्व एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया।

विद्यार्थी परिषद के विभाग संयोजक कुलदीप सिंह जागावत ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा अभी भी तीन गुना विलंब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र स्वीकार किए जा रहे हैं जबकि 29 जुलाई से परीक्षाएं शुरू करने की तिथि घोषित की जा चुकी है। हाल ही में आयोजित आरपीएससी की प्रतियोगी परीक्षाओं एवं बीच में पड़े ग्रीष्मकालीन अवकाश के कारण अधिकांश विद्यार्थियों का पाठ्यक्रम अभी तक पूर्ण नहीं हो पाया है। ऐसे में विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के लिए पर्याप्त समय देने के उद्देश्य से परीक्षा तिथियों को आगे बढ़ाया जाना आवश्यक है। जिला संयोजक नरेंद्र सिंह तंवर ने कहा कि चूरू जिले के सबसे बड़े महाविद्यालयों में शामिल राजकीय लोहिया महाविद्यालय में विद्यार्थियों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हो पा रही हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय के शौचालयों में नियमित रूप से पानी की व्यवस्था नहीं है और साफ-सफाई का भी अभाव है। परिसर में जगह-जगह गंदगी फैली हुई है तथा कई स्थानों पर घास एवं झाड़ियां उगी हुई हैं। विवेकानंद वाटिका एवं सरस्वती वाटिका की नियमित साफ-सफाई नहीं होने के साथ ही सूचना पट पर विषयवार कालांश भी प्रदर्शित नहीं किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं को लेकर महाविद्यालय प्रशासन को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से अवगत कराया जा चुका है लेकिन बार-बार ध्यान आकर्षित कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। विद्यार्थियों की मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है और यह महाविद्यालय प्रशासन की उदासीनता को दर्शाता है। ज्ञापन सौंपने वालों में झुंझुनू विभाग छात्रा प्रमुख पूजा भाम्भू, प्रांत एसएफडी सहसंयोजक मोनिका राठौड़, चूरू भाग संयोजक वरुण शर्मा, नगर सहमंत्री गर्व रक्षक, निखिल रामसरा, विनोद प्रजापत, रोहित वाल्मीकि, रोहित सैन, हंशु मार्शल, विशाल शर्मा, नरेन्द्र बिसाऊ, हर्षित गोदारा, विवेक जांगिड़, कनवीर सिंह, योगेंद्र जांगिड़, दीपक सैनी, विजय कुमार एवं मोनू कुमार सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हरियालो राजस्थान के तहत स्कूल में लगाए पौधे

निसं

**नवलगढ़ (नवयत्न)।** उपखंड के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डाबड़ी बलौदा में हरियालो राजस्थान, एक पेड़ मां के नाम, एक पेड़ देश के नाम, एक पेड़ खुद के नाम कार्यक्रम के तहत पौधरोपण कार्यक्रम किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य मुकुलिका शर्मा द्वारा की गई। मुख्य अतिथि अशोक कुमार शर्मा सीडीईओ झुंझुनू एवं विशिष्ट अतिथि वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय तोगड़ा कलां की प्रधानाचार्या उम्मेद कुमारी, शहीद केसर देव राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय तोगड़ा कलां के प्रधानाचार्य कुलदीप मीणा उपस्थित रहे। सीडीईओ अशोक कुमार शर्मा ने पेड़ लगाकर प्रकृति को हरा भरा रखने का संदेश दिया साथ ही वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू द्वारा विद्यार्थियों को 150 पौधे वितरित किए गए तथा पर्यावरण को बचाने हेतु सभी को प्रेरित किया। वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ द्वारा अब तक 327000 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं तथा इस वर्ष 30 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य पूरा करने का संकल्प लिया है। जाखड़ द्वारा वृक्षारोपण अभियान पूर्णतया निःशुल्क चलाया जाता है आप भी वर्षा ऋतु में अधिक से अधिक पौधे लगाए तथा पर्यावरण को बचाए। इस अवसर पर कार्यक्रम में महिपाल सिंह वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक, सतवीर, विकास



झाझड़िया, प्रमोद कुमार, धर्मपाल सिंह, मनोज कुमार जाखड़ सांखू, धर्मेंद्र सिंह, धर्मपाल सिंह, सतवीर सिंह, कपिल, सुनीता, कल्पना, मनीषा, सुनीता, संगीता, संदीप, वंदना, उजाला, सुमन, पृथ्वीराज, जितेंद्र, ममता खड़ोलिया, महेंद्र कुमार, अरविंद कुमार, राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक महिपाल सिंह सहित समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राए एवं उपस्थित रहे। प्रधानाचार्या मुकुलिका शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अखाराम महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा

ललित दाधीच

**राजलदेसर (नवयत्न)।** हनुमान भक्त संत शिरोमणि अखाराम दादाजी महाराज सिद्ध पीठ परसनेऊ धाम में दो दिवसीय जन्मोत्सव महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी जगदीश, किशन, श्रवण ने बताया दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत दिनांक 1 सितंबर को 29 वां महारुद्राभिषेक प्रातः 8 बजे विद्वान पंडितों के सानिध्य में संपन्न होगा। शाम 4 बजे विशाल शोभायात्रा एवं झांकी निकाली जाएगी जो दादाजी महाराज के मंदिर से रवाना होगी, पूरे गांव में भ्रमण करके वापस मंदिर परिसर पहुंचेगी जिसमें विभिन्न देवी देवताओं की झांकियां दादाजी महाराज की पालकी के दर्शन आदि आकर्षण के केंद्र रहेंगे। शाम सवा 7 बजे 1100 दीपकों से दादाजी महाराज की महा आरती का आयोजन होगा जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। रात्रि 8 बजे विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें स्थानीय एवं बाहर के कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 2 सितंबर को प्रातः सवा 5 बजे दादाजी महाराज का विशेष श्रृंगार एवं मंगल आरती होगी, सवा 7 बजे दादाजी महाराज की दिव्य ज्योत एवं दर्शन का आयोजन होगा। सुबह 9 बजे दादाजी महाराज का गुणगान उनके पोता-पोती अक्षय आईडल के द्वारा आयोजित किया जाएगा। साथ ही दादा चालीसा का पाठ करने वाले भक्तों का सम्मान किया जाएगा एवं अक्षय प्रश्नोत्तरी का भी कार्यक्रम आयोजित होगा। सुबह 10 बजे विशाल महा प्रसादी का भोग दादाजी महाराज को लगाया जाएगा जो श्रद्धालुओ को वितरित किया जाएगा। इस दो दिवसीय भव्य आयोजन में राजस्थान ही नहीं अपितु देश विदेश से लाखों श्रद्धालु धार्मिक आस्था के केंद्र में डुबकी लगाएंगे, जिसको लेकर मंदिर परिसर में अभी से तैयारियांचल रही है।

# केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर कांग्रेस का प्रदेशव्यापी प्रदर्शन आज

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** नीट एवं सीबीएसई परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं और नई दिल्ली में छात्रों तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस सांसदों पर हुई कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस 25 जुलाई को राजस्थान सहित देशभर में कैंडल मार्च और सत्याग्रह आयोजित करेगी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों को शनिवार शाम विशाल कैंडल मार्च, मशाल जुलूस और सत्याग्रह आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं मीडिया चेयरपर्सन स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीट एवं सीबीएसई परीक्षाओं में हुई अनियमितताओं के विरोध में पूरे देश में आंदोलन चल रहा है। नई दिल्ली में छात्रों तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कांग्रेस सांसदों पर की गई कार्रवाई के विरोध में यह सत्याग्रह छात्रों और देश के युवाओं के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के उद्देश्य से किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता गंभीर रूप से प्रभावित हुई है और केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य की रक्षा करने में विफल रही है। कांग्रेस इस मुद्दे पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के तत्काल इस्तीफे की मांग करेगी। प्रदेशभर में जिला कांग्रेस कमेटियों के नेतृत्व में आयोजित होने वाले कैंडल मार्च एवं मशाल जुलूस का समापन संबंधित जिला मुख्यालयों पर महात्मा गांधी या डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष सत्याग्रह के साथ किया जाएगा। कांग्रेस ने पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और युवाओं से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

# विदेशों में भारतीय श्रमिकों के अधिकारों का संरक्षण जरूरी : ओला




संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** झुंझुनू सांसद बृजेंद्र सिंह ओला ने लोकसभा तारांकित प्रश्न के माध्यम से विदेशों में कार्यरत भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा, श्रम अधिकारों के संरक्षण एवं त्वरित सहायता का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। सांसद ने कहा कि राजस्थान के शेखावाटी क्षेत्र से लाखों युवा रोजगार के लिए खाड़ी देशों सहित अनेक देशों में जाते हैं लेकिन आज भी अनेक श्रमिकों को अनुबंध के विपरीत कार्य कराया जाता है, उनके पासपोर्ट जब्त कर लिए जाते हैं, समय पर वेतन नहीं दिया जाता तथा श्रम अधिकारों का खुला उल्लंघन होता है। यह बात विदेश मंत्री ने स्वयं अपने उत्तर में स्वीकार किया है कि ऐसे मामलों से संबंधित सैकड़ों शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जो यह दर्शाता है कि विदेशों में भारतीय श्रमिकों की सुरक्षा और अधिकारों को लेकर मौजूदा व्यवस्था में अभी भी गंभीर चुनौतियाँ मौजूद हैं। सांसद ने सरकार से मांग की कि विदेशों में शोषण, अनुबंध उल्लंघन अथवा श्रम अधिकारों के हनन का सामना कर रहे भारतीय श्रमिकों के त्वरित बचाव, सुरक्षित स्वदेश वापसी और उचित मुआवजा सुनिश्चित करने के लिए एक अधिक प्रभावी, जवाबदेह एवं समयबद्ध तंत्र विकसित किया जाए। साथ ही राजस्थान सहित प्रवासी-बहुल क्षेत्रों, विशेषकर शेखावाटी में जिला स्तर पर जागरूकता एवं सहायता केंद्र स्थापित किए जाएँ ताकि विदेश जाने वाले श्रमिकों को समय रहते सही जानकारी, कानूनी मार्गदर्शन और आवश्यक सहायता उपलब्ध हो सके। सांसद ने कहा कि विदेशों में कार्यरत भारतीय श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। इसलिए उनकी सुरक्षा, सम्मान और अधिकारों की रक्षा केवल प्रशासनिक नहीं बल्कि सरकार की नैतिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी भी है।

# महिला-बाल आयोग समेत कई संवैधानिक संस्थाएं खाली : न्याय की राह देख रहे फरियादी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** प्रदेश में महिलाओं, बच्चों, अनुसूचित जाति-जनजाति और अल्पसंख्यकों से जुड़े मामलों में लगातार बढ़ोतरी के बीच राजस्थान के कई महत्वपूर्ण संवैधानिक आयोग और बोर्ड पिछले करीब ढाई वर्षों से अध्यक्ष एवं सदस्यों के बिना संचालित हो रहे हैं। महिला आयोग, बाल आयोग, एससी-एसटी आयोग, ओबीसी आयोग, अल्पसंख्यक आयोग, निशक्तजन आयोग, युवा बोर्ड, समाज कल्याण बोर्ड, हज कमेटी और राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण सहित कई संस्थाओं में लंबे समय से नियुक्तियां नहीं होने पर सवाल उठने लगे हैं। हाल ही में जारी एनसीआरबी रिपोर्ट में महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराधों में वृद्धि सामने आने के बाद इन आयोगों की निष्क्रियता को लेकर विपक्ष ने भी सरकार को घेरा है। इन आयोगों में लगातार शिकायतें पहुंच रही हैं, लेकिन अध्यक्ष और सदस्यों के पद रिक्त होने से मामलों का प्रभावी निस्तारण नहीं हो पा रहा है।

**जनसुनवाई ठप, शिकायतों का समाधान प्रभावित**-पूर्व राजस्थान अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष एवं कांग्रेस विधायक रफीक खान ने कहा कि सरकार बदलने के बाद आयोग को अपेक्षित सहयोग नहीं मिला। संसाधन और स्टाफ की कमी के कारण शिकायतों का समाधान प्रभावित हुआ, जिसके चलते आयोग की नियमित गतिविधियां भी बाधित हो गईं। आयोग के पूर्व सदस्य हरदीप सिंह चहल ने बताया कि पहले जिलों में जनसुनवाई कर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाता था, लेकिन अब अध्यक्ष और सदस्य नहीं होने से ऐसी व्यवस्थाएं बंद हैं।

**महिला और बाल आयोग भी लंबे समय से निष्क्रिय**-राजस्थान महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष रेहाना रियाज ने बताया कि उनके कार्यकाल में प्रतिदिन 25 से 30 मामलों की सुनवाई होती थी, लेकिन फरवरी 2025 से आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों के पद रिक्त हैं। उन्होंने कहा कि सरकार बदलने के बाद संसाधन भी सीमित कर दिए गए थे। वहीं, बाल आयोग की पूर्व अध्यक्ष संगीता बेनीवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव के दौरान उनके इस्तीफे के बाद आयोग में नियुक्तियां नहीं हुईं। उनका कहना है कि महिलाओं और बच्चों पर बढ़ते अत्याचारों को देखते हुए सरकार को इन आयोगों में जल्द नियुक्तियां करनी चाहिए।

**एससी-एसटी आयोग में भी नहीं हुई नियुक्तियां**-एससी आयोग के पूर्व अध्यक्ष खिलाड़ी बैरवा ने कहा कि उनके कार्यकाल में जिलों में जाकर अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े मामलों की सुनवाई की जाती थी। जमीन कब्जाने, मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने जैसे मामलों में पीड़ितों को त्वरित राहत मिलती थी। वर्तमान में आयोग में अध्यक्ष और सदस्यों के पद रिक्त होने से ऐसी व्यवस्था प्रभावित हुई है।

**हज कमेटी और समाज कल्याण बोर्ड भी खाली**-राजस्थान हज कमेटी और समाज कल्याण बोर्ड में भी सरकार बदलने के बाद से अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति नहीं हुई है। इस वर्ष हज यात्रा का संचालन अधिकारियों के माध्यम से कराया गया। हालांकि कई व्यवस्थागत चुनौतियां भी सामने आईं। प्रशासनिक स्तर पर ही इन संस्थाओं का संचालन किया जा रहा है।

**विपक्ष ने सरकार को घेरा**-प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा भी इन आयोगों और बोर्डों में रिक्त पदों का मुद्दा उठा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण सहित कई महत्वपूर्ण संस्थाओं में नियुक्तियां नहीं होने से कर्मचारियों और आम लोगों की समस्याओं का समाधान प्रभावित हो रहा है। उन्होंने महिला आयोग और युवा बोर्ड में भी रिक्त पदों को लेकर सरकार पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार इन महत्वपूर्ण संस्थाओं को प्राथमिकता नहीं दे रही।

**राजनीतिक विश्लेषक बोले-कांग्रेस की राह पर भाजपा**-राजनीतिक विश्लेषक राजेश शर्मा का कहना है कि भजनलाल सरकार भी पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की तर्ज पर बोर्डों और आयोगों में नियुक्तियों में देरी कर रही है। उनका कहना है कि सरकार के कार्यकाल के लगभग ढाई वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं में अब तक नियुक्तियां नहीं हो सकी हैं। इससे न केवल जनसुनवाई प्रभावित हो रही है, बल्कि भाजपा के कार्यकर्ताओं में भी असंतोष की स्थिति बन रही है। प्रदेश में महिला, बाल, अनुसूचित जाति-जनजाति, अल्पसंख्यक और अन्य वर्गों से जुड़े मामलों के समाधान के लिए गठित इन आयोगों में नियुक्तियों को लेकर अब सरकार पर दबाव बढ़ता दिखाई दे रहा है।

# छात्राओं ने लगाया एक पौधा शिक्षा के नाम



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** राजलदेसर के भारती विद्यापीठ महाविद्यालय में शुक्रवार को पर्यावरण विभाग एवं भूगोल विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हरियालो राजस्थान कार्यक्रम के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके अंतर्गत महाविद्यालय के भूगोल व्याख्याता एवं पर्यावरणविद् दुर्गा दत्त नेहरा एवं पूनम के मार्गदर्शन में विद्यालय में वर्षा काल को ध्यान में रखते हुए पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ पुरोहित ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि पर्यावरण के संरक्षण में पेड़ पौधों का वैज्ञानिक धार्मिक और सामाजिक महत्व भी है। अत: प्रत्येक विद्यार्थी को एक पौधा मां के नाम और एक पौधा शिक्षा के नाम समर्पित करने का संकल्प दिलवाया। पौधरोपण कार्यकम में महाविद्यालय परिवार की ओर से संतरा, देवेंद्र कुमार एवं छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा। साथ ही छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि भविष्य में अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएंगे एवं अन्य छात्राओं को भी प्रेरित किया जाएगा।

# रास्ते पर जल भराव से राहगीर परेशान



निसं

**चिड़ासन ( नवयत्न )।** क्षेत्र के लोयल गांव में भारी बरसात हुई जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर जाने वाला रास्ता पूरी तरह लबालब हो गया। इस रास्ते से गुजरने वाले राहगीर, स्कूली बच्चों जल भराव के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां तक की एक बार तो छोटे बच्चों के आने-जाने का रास्ता पूरी तरह जल भराव के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लोयल और मान नगर का रास्ता पूरी तरह बाधित हो चुका है इधर से पैदल, बाइक सवार व्यक्तियों का जाना दुभर हो गया। एमडीआर सड़क से माननगर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संपर्क एकदम कट सा गया है। लोयल गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाने वाले मुख्य मार्ग पर बारीस का पानी भरने से लोगों को काफी परेशानी एवं दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही यह सड़क लोयल से चारावास वाया पीएचसी होते हुए जाती है। ग्रामीणों की मानें तो इस रास्ते में शुक्रवार को बरसाती पानी एक से डेढ़ फीट भरा हुआ है। तीन-चार दिन बाद भी पानी की निकास नहीं होने से राहगीरों, वाहन चालकों, पीएचसी स्टाफव मरीजों को काफी दिक्कतें होगी। इस रास्ते में दो साल से पानी भर रहा है लेकिन पंचायत प्रशासन ने इसकी निकासी की व्यवस्था आज तक नहीं कर पाई। जलभराव की समस्या इतनी विकट हो गई है कि लोयल से चिड़ासन सड़क मार्ग का संपर्क पर भी कट चुका है। लोयल और चिड़ासन के ग्राम वासियों ने मांग की है कि इस सड़क मार्ग पर आने जाने की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए वरना ज्यादा बारिश हुई तो आने जाने का संपर्क भी टूट जाएगा।

# कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने विद्यार्थियों को किया जागरूक



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर ग्रामीण पुलिस के महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत शुक्रवार को कालाडेरा और फागी क्षेत्र के राजकीय विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान करीब 400 छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव, आत्मरक्षा, हेल्पलाइन नंबरों तथा विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। पुलिस थाना कालाडेरा की कालिका पेट्रोलिंग यूनिट में पदस्थापित महिला कांस्टेबल सरोज ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कानरपुरा में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 100 छात्र-छात्राओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक गुर सिखाए। उन्होंने छात्राओं को विभिन्न परिस्थितियों में स्वयं की सुरक्षा के तरीके समझाए तथा राजकोप सिटीजन एप की उपयोगिता की जानकारी दी। कार्यक्रम में साइबर ठगी से बचाव, ठगी होने पर की जाने वाली कार्रवाई, सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाले अपराधों से सतर्क रहने और ऐसे मामलों में कानूनी प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को आपातकालीन हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में भी जागरूक किया गया।

महिला कांस्टेबल सरोज ने छात्र-छात्राओं को पोक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर महिलाओं के शोषण के विरुद्ध उपलब्ध कानूनी संरक्षण, नशे के दुष्परिणाम तथा यातायात नियमों का पालन करने और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की आवश्यकता पर भी जानकारी दी। साथ ही बालकों को पोक्सो एक्ट के तहत अपराध करने पर मिलने वाली सजा के प्रावधानों को विस्तार से समझाया। इसी क्रम में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट फागी ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फागी में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 300 छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत जागरूक किया। कार्यक्रम में राजकोप सिटीजन ऐप, महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनए महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र की सेवाओं तथा आवश्यकता पड़ने पर सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने छात्राओं को उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराते हुए आपातकालीन हेल्पलाइन 112, महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी दी। इसके साथ ही गुड टच-बैड टच, साइबर सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन के महत्व पर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया।

# सीएलजी सदस्यों के सुझावों से मजबूत होगी सामुदायिक पुलिसिंग : मित्तल

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने कहा कि सामुदायिक पुलिसिंग को प्रभावी बनाने में कम्युनिटी लायजन ग्रुप सीएलजी सदस्यों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उनके सुझावों और आमजन की सक्रिय भागीदारी से अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था और पुलिस व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। नगर निगम सभागार पुराना पीएचक्यू में शुक्रवार को माणक चौक, रामगंज और सुभाष चौक थाना क्षेत्रों के सीएलजी सदस्यों के साथ आयोजित बैठक में पुलिस कमिश्रर ने नशा मुक्ति अभियान, साइबर अपराधों की रोकथाम, महिला सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और कानून व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा के दौरान यह बात कही। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि राज्य सरकार और जयपुर पुलिस आयुक्तालय की ओर से अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने आमजन से नशे से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना हेल्पलाइन 14446 और 1933 पर देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नशे के दुष्प्रभाव केवल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहते, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करते हैं, इसलिए जनजागरूकता बढ़ाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए जयपुर पुलिस ने व्हाट्सएप नंबर 8764866939 जारी किया है। इस नंबर पर कोई भी व्यक्ति नशे से जुड़ी सूचना साझा कर सकता है। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा सत्यापन के बाद दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बढ़ते साइबर अपराधों पर भी चर्चा की गई। पुलिस कमिश्नर ने साइबर हेल्पलाइन 1930, राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल तथा मोबाइल गुम होने और ऑनलाइन धोखाधड़ी से जुड़े सरकारी पोर्टलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में अब एक लाख रुपये या उससे अधिक की साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत पर स्वत: ई-जीरो एफआईआर दर्ज होगी। उन्होंने लोगों से साइबर सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों ने नियमित मोहल्ला बैठकों के आयोजन, सामुदायिक कार्यक्रमों के माध्यम से पुलिस-जन संवाद बढ़ाने तथा अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने के लिए कई सुझाव दिए। सदस्यों ने अपने.अपने क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी पुलिस अधिकारियों का ध्यान आकर्षित किया। बैठक में पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल, सहायक पुलिस आयुक्त माणक चौक पियूष कविया, सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज सहित संबंधित थाना अधिकारी और बड़ी संख्या में सीएलजी सदस्य, जिनमें महिला सदस्य भी शामिल थीं, उपस्थित रहे।

# पुरी की तर्ज पर निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

निसं



**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** ठिकाना मंदिर श्री राधा गोपीनाथ श्रीमाधोपुर में जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर आयोजित दस दिवसीय रथ यात्रा महा महोत्सव की भक्तिमय श्रृंखला का शुक्रवार को बहुडा यात्रा के साथ दिव्य समापन हुआ। महंत मनोहर शरण दास ने बताया कि रथ यात्रा की दिव्यभक्तिमय श्रृंखला 15 जुलाई बुधवार को भगवान श्रीजगन्नाथ, बलभद्र, बहन सुभद्रा के पंचामृत अभिषेक के साथ प्रारंभ हुई। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को अलग-अलग दिव्या रथों पर आरूढ़ कर मंदिर परिसर का भ्रमण करवाया। 17 से 23 जुलाई तक प्रतिदिन वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास बृज बिहारी दास महाराज के द्वारा दिव्य भक्तमाल रस कथा का रसोपान भक्तों को करवाया गया। 10 दिवसीय रथ यात्रा महोत्सव में भगवान जगन्नाथ की अष्टयाम नित्य सेवा का दर्शन भक्तों ने भक्तिमय भाव से प्राप्त किया। बहुडा यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा एवं बलभद्र को नंदी घोष, तालध्वज दर्पदलन नामक दिव्या रथो पर आरूढ़ कर अलौकिक ऐश्वर्यरुप में नगर भ्रमण करवा कर मंदिर परिसर में भगवान का आगमन किया गया। इस दिव्य बहुडा यात्रा में हजारों की संख्या में भक्तों ने भगवान के रथों को खींचकर एवं पुष्प वर्षा करते हुए भगवान की दिव्य आरती के साथ स्वागत किया। विभिन्न भक्ति समूहों के द्वारा जिसमें गुप्त वृंदावन अक्षय पात्र जयपुर, गौरांग भक्त मंडल वृंदावन, टाटिया धाम वृंदावन, धोलिया धाम, जयपुर आराध्य गोविंद देव भक्त मंडल, राजा गोपीनाथ मंदिर सीकर, श्री गोपाल मंदिर पलसाना, बड़ा रघुनाथ मंदिर फतेहपुर और इस्कॉन मंडल श्रीमाधोपुर के द्वारा संकीर्तन के साथ भगवान जगन्नाथ को नगर भ्रमण करवाया गया।

**श्रद्धा के साथ सामाजिक समरसता का भी संदेश**-रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं रही बल्कि सामाजिक समरसता और एकता का भी संदेश देती नजर आई। नगर के विभिन्न समाजों, व्यापारिक संगठनों, युवा मंडलों और सेवा संस्थाओं ने मिलकर यात्रा को सफल बनाने में अपनी भागीदारी निभाई। हर वर्ग के लोग बिना किसी भेदभाव के भगवान की भक्ति में लीन दिखाई दिए। नगर यात्रा के दौरान देव दर्शन तुल्य महान संत पलसाना धाम के महाराज श्रीमनोहर शरण दास, चरोडाधाम के महाराज श्रीघनश्याम दास, लिसाडिया धाम के महाराज बालक दास टाटिया धाम वृंदावन से महाराज बिहारी दास का सानिध्य भक्तों को प्राप्त हुआ। अनिल कुमार कयाल उपमहानिरक्षक पुलिस जयपुर यात्रा के दौरान उपस्थित रहे। भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा तीनों अलग-अलग सुसज्जित रथों में विराजमान होकर नगर भ्रमण पर निकले। मंदिर महंत मनोहर शरण पारीक भी रथ में विराजमान रहे और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यात्रा का शुभारंभ हुआ। की विश्वप्रसिद्ध रथयात्रा की तर्ज पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन ने पूरे श्रीमाधोपुर को भक्तिमय बना दिया। यात्रा जैसे-जैसे मुख्य मार्गों से आगे बढ़ी, वैसे-वैसे श्रद्धालुओं का उत्साह भी बढ़ता गया।

पूरा नगर जय जगन्नाथ, हरे राम हरे राम, हरे कृष्ण हरे कृष्ण और हरि बोल के जयघोष से गूंज उठा। बच्चे, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग सभी भगवान के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में यात्रा में शामिल हुए। हर कोई भगवान के रथ को खींचने का सौभाग्य प्राप्त करने के लिए उत्सुक दिखाई दिया।

**फूलों की वर्षा से हुआ स्वागत**-रथयात्रा के नगर भ्रमण के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और श्रद्धालुओं ने जगह-जगह स्वागत मंच लगाए। भगवान के रथ पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कई स्थानों पर महिलाओं ने आरती उतारकर भगवान का अभिनंदन किया।

**सेवा शिविरों में श्रद्धालुओं का मान-मनुहार**-भीषण गर्मी को देखते हुए विभिन्न सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं ने सेवा शिविर लगाए। यहां ठंडा पानी, शरबत, जूस, मिल्क रोज, आइसक्रीम और ड्राई फ्रूट्स सहित कई प्रकार के प्रसाद एवं जलपान की व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं का प्रेमपूर्वक स्वागत कर उन्हें प्रसाद वितरित किया गया। रात्रि में लगभग 10 हजार भक्तों के लिए दिव्या महाप्रसाद के भंडारे का आयोजन मंदिर परिसर में किया गया।

# पेपर लीक के विरोध में छात्रों का प्रदर्शन

## शिक्षा व्यवस्था में सुधार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** दिल्ली के जंतर-मंतर से शुरू हुए छात्र आंदोलन की गूंज शुक्रवार को जयपुर में भी सुनाई दी। राजधानी के जवाहर सर्किल पर बड़ी संख्या में छात्र-युवा एकत्र हुए और नीट पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली में सुधार, युवाओं को रोजगार तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी की गई और शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मौके पर पुलिस बल भी तैनात रहा। प्रदर्शन में शामिल छात्रों ने कहा कि यह किसी राजनीतिक दल का नहीं, बल्कि देशभर के छात्रों के भविष्य से जुड़ा आंदोलन है। प्रदर्शन के दौरान कुछ छात्र डफली और डमरू बजाते हुए नारे लगा रहे थे, जबकि कई प्रदर्शनकारी केंद्रीय शिक्षा मंत्री का स्केच, भगत सिंह का चित्र और संविधान की प्रति लेकर पहुंचे। उनका कहना था कि लगातार हो रहे पेपर लीक से मेहनत करने वाले लाखों विद्यार्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है, इसलिए परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रदर्शनकारियों ने दिल्ली में छात्र आंदोलन के दौरान हुए कथित लाठीचार्ज पर भी सवाल उठाए। उनका आरोप था कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग किया गया और बिना नेम प्लेट वाली वर्दी में मौजूद लोगों द्वारा कार्रवाई की गई। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। छात्रों ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग दोहराते हुए कहा कि परीक्षा प्रणाली में लगातार सामने आ रही अनियमितताओं की नैतिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उनका कहना था कि सरकार को शिक्षा व्यवस्था में विश्वास बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। प्रदर्शन के दौरान अनुमति को लेकर उठे सवालों पर छात्रों ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 19 (1)(बी) उन्हें शांतिपूर्ण तरीके से एकत्र होकर अपनी बात रखने का अधिकार देता है। उनका कहना था कि संविधान ही उन्हें अपनी आवाज उठाने की अनुमति देता है। प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि आंदोलन में शामिल छात्र अपने संसाधनों से पानी और अन्य आवश्यक सामग्री लेकर आते हैं, लेकिन उनके आंदोलन को लेकर बेबुनियाद आरोप लगाए जाते हैं। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से जिम्मेदारीपूर्ण बयान देने की अपील की। एक छात्रा ने आरोप लगाया कि गुरुवार रात एक व्यक्ति चाकू लेकर प्रदर्शन स्थल पर पहुंचा और माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया। प्रदर्शनकारियों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। छात्रों ने कहा कि कानून तोड़ने वालों पर कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन शिक्षा व्यवस्था में अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ भी समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने नीट पेपर लीक की निष्पक्ष जांच, दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई, परीक्षा एवं भर्ती प्रणाली में पारदर्शिता, युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग उठाई।

# नगरपरिषद में किया शहरी समस्याओं का समाधान




निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद कार्यालय में फोलो अप कैम्प शहरी सेवा शिविर के तहत वार्ड नं 07 व 08 का शिविर आयोजित किया गया। कार्यवाहक आयुक्त चारवी ने बताया कि शिविर में कृषि भूमि व 69ए के पट्टे की 2, पट्टा नवीनीकरण 5 पत्रावलियों का मौके पर निस्तारण किया गया। यूडी टैक्स के आवेदन 7, जीवीपी 6, सीवर कनेक्शन 4, नाली मरम्मत 2, जन्म-मृत्यु व विवाह पंजीयन पत्र 21, स्ट्रीट लाईट 6, ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र 3, पीएम स्वनिधि 2, जन आधार अद्यतन, संशोधन, नये जोडे गये सदस्य 15, वृक्षारोपण 82, आज जोड़े गये पेंशनर्स की संख्या 2, शहरी रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत जॉबकार्ड 5 प्रकरण प्राप्त हुए जिनको मौके पर निस्तारित किए गये। इसी प्रकार विद्युत सप्लाई में व्यवधान 4, ढीले तारों को व्यवस्थित 1 प्रकरण प्राप्त हुए। चिकित्सा शिविर के अन्तर्गत 558 मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य 132 के प्रकरण प्राप्त हुए। एनसीडी 488 प्रकरण, आधार सिडिंग 5, आधार केवाईसी 4, एलपीजी आईडी केवाईसी 1 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनको मौके पर निस्तारण किया गया। शिविर में निवर्तमान पार्षद विजय बटेसर, रिछपाल बिजारणियां, रेंवतमल पंवार, पुरूषोतम शर्मा, निवर्तमान पार्षद प्रतिनिधि मनीष दाधीच, सौरभ पीपलवा, पन्नालाल सोनी, राकेश प्रजापत आदि ने उपस्थित होकर आमजन को शिविर का अधिक से अधिक लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर शिविर सहायक नगर नियोजक उदय सिंह, लेखाकार ओमप्रकाश खीचड़, वरिष्ठ लिपिक गौतम पारीक, लोकेश जांगिड़ तथा कनिष्ठ लिपिक लोकेश सियोता, फायरमैन देविका, बबिता मीणा, रामनिवास जाट, सुनील विश्नोई, प्रमोद विश्नोई, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार गांरटी के जेटीए यतेन्द्र सिंह, लेखा सहायक सरिता बुडानिया, एमआईएस मैनेजर कृष्ण शर्मा, रोजगार सहायक मनीषा व समस्त कम्प्यूटर ऑपरेटर नगर परिषद् तथा चिकित्सा विभाग के नर्सिंग ऑफिसर विष्णु शर्मा, एएनएम सुमन कुमारी, जलदाय विभाग के फिटर शंकर, उर्जा विभाग के कनिष्ठ अभियंता गौतम मेघवाल, टेक्निशियन राकेश तुनवाल तथा अन्य विभागों के कार्मिक उपस्थित रहे।

# कचरा उठाने के संसाधन नहीं, जमादारों ने सौंपा त्यागपत्र



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** नगरपरिषद सुजानगढ़ के पास कचरा उठाने के लिए पर्याप्त ट्रेक्टर व अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं होने के कारण जमादारों में आक्रोश है और जमादारों ने अपना सामूहिक त्यागपत्र आयुक्त चारवी और प्रशासक ओमप्रकाश वर्मा को सौंपा है। सफाई निरीक्षक नथमल चांगरा के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि क्षेत्र में 60 वार्ड हैं और अलग-अलग जगहों से कचरा उठाने के लिए ट्रेक्टर्स उपलब्ध नहीं हैं और न ही टेंडर किया हुआ है, जिसके कारण आम जनता रोज-रोज जमादारों और सफाई कर्मियों को बुरा भला कहती है। इसलिए जब तक पर्याप्त संख्या में ट्रेक्टर्स व अन्य संसाधन उपलब्ध नहीं करवाये जाते हैं तो वो स्वैच्छिक त्यागपत्र दे रहे हैं। ज्ञापन सौंपते वक्त राजूराम, अनिल, शिव, नोरतनमल, संदीप, रणजीत, नितेश आदि जमादार मौजूद रहे। कार्यवाहक आयुक्त चारवी से इस बारे में जानकारी चाहने पर उन्होंने बताया कि करीब 45 दिनों से यह समस्या है, जिसके बारे में जल्द समाधान के प्रयास किए जा रहे हैं। इसलिए प्रशासक ये मार्गदर्शन प्राप्त कर या तो ट्रेक्टर्स का टेंडर करवाया जायेगा या फिर पुराने टेंडरधारी को भुगतान कर टेक्टर्स लगाए जायेंगे। चारवी ने बताया कि सफाई काफी महत्वपूर्ण कार्य है, जिसे नगरपरिषद सही तरीके से सम्पन्न करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है।

# अठारह साल से फरार बाइक चोर गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 18 साल से फरार चल रहे एक शातिर बाइक चोर को दौसा से गिरफ्तार किया है। आरोपी वर्ष 2008 में मोटरसाइकिल चोरी के मामले में जमानत पर रिहा होने के बाद से लगातार फरार चल रहा था और गिरफ्तारी से बचने के लिए अपने मूल गांव भी कभी-कभार ही आता था।



पुलिस उपायुक्त जयपुर पश्चिम प्रशांत किरण ने बताया कि सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब 18 साल से फरार चल रहे एक शातिर बाइक चोर आरोपी दिनेश 40 निवासी बांदीकुई जिला दौसा को गिरफ्तार किया गया है। वह सिंधी कैंप थाने में दर्ज मोटरसाइकिल चोरी के प्रकरण में गिरफ्तार हुआ है। वर्ष 2008 में अदालत से जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया और लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी अपना ठिकाना लगातार बदलता रहा और अपने गांव भी बहुत कम आता-जाता था। विशेष टीम ने सटीक सूचना के आधार पर जाल बिछाकर उसे गिरफ्तार किया है।

**कार्यालय जिला कलक्टर, सीकर**
**क्रमांक: स्टोर/निविदा/2026/588दिनांक:- 24.07.2026**
**।। खुली बोली आमंत्रण सचूना ।।**
इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 04.08.2026 तक दोपहर 12:30 बजे तक Supply and Installation of Desktop Computer, MFP Printer and 1 KVA Line Interactive UPS क्रय किए जाने हेतु बोली आमंत्रित की जाती है। अत: निविदा से संबंधित दस्तावेजात, शर्तें एवं अन्य विवरण ई प्रोक्योरमेंट पोर्टल (e-proc.rajasthan.gov.in) Tender ID - 2026_DSCSI_577314_1 तथा राजस्थान सार्वजनिक उपापन पोर्टल (sppp.rajasthan.gov.in) पर UBN No. CSK2627GLOB00031 से प्राप्त की जा सकती है।
डॉ राकेश कुमार मीणा
अतिरिक्त जिला कलक्टर,
सीकर
DIPR/C/ /2026

## सम्पादकीय

# गतिरोध की राजनीति



प्रधानमंत्री मोदी ने पेपर लीक से जुड़े मामलों के आरोपितों को सजा दिलाने के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित किए जाने की जो घोषणा की, वह उन्हें बहुत पहले कर देनी चाहिए थी। अच्छा होता कि इस विषय पर वे समय रहते देश को सीधे तौर पर संबोधित करते। इससे लोगों और खासकर छात्रों के इस भरोसे को बल मिलता कि सरकार इस मामले के दोषियों को शीघ्र सजा दिलाने के प्रति सचमुच प्रतिबद्ध है। जैसे नीट मामले में प्रधानमंत्री का सीधे तौर पर वक्तव्य आने में देरी हुई, वैसे ही इस प्रकरण को लेकर धरने पर बैठे समूह काकरोच जनता पार्टी से संपर्क-संवाद करने में भी। इसका परिणाम यह हुआ कि न केवल सीजेपी के संसद मार्च में हिंसा हुई, बल्कि राजनीतिक रोटियां सेंकने वालों को भी मौका मिल गया। इसके पहले मौका उन्हें भी मिला, जो सीजेपी के संसद मार्च में शामिल होकर अराजकता फैलाने का इरादा रखते थे। वे अपने इरादे में इसलिए सफल रहे, क्योंकि पुलिस न तो भीड़ का अनुमान लगा सकी और न ही उसकी उग्रता का।

पुलिस के पास शायद अचानक उमड़ी और संसद भवन जाने को उतावली भीड़ से निपटने की कोई ठोस रणनीति या तैयारी नहीं थी। इसके अभाव में ही उसे सख्ती का सहारा लेना पड़ा, जो स्वाभाविक रूप से एक मुद्दा बन गई है। विपक्ष इस मुद्दे को भुनाने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहता और इसीलिए उसने यह मांग रख दी है कि संसद तब चलेगी, जब पुलिस की सख्ती पर प्रधानमंत्री माफी मांगने के साथ शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से त्यागपत्र लेंगे। विपक्षी दलों जैसा रवैया सीजेपी ने भी अपना लिया है। वह अपनी शर्तों के साथ-साथ अपने बताए ठिकाने पर सरकार से बात करने पर अड़ गई है। अब उसके लोग किसी मंत्री के घर या दफ्तर बात करने के लिए तैयार नहीं। यह हठधर्मिता है। इससे विचित्र और कुछ नहीं हो सकता कि गतिरोध इस पर कायम हो जाए कि बात कहां होनी चाहिए? कहना कठिन है कि उसके और सरकार के बीच का गतिरोध कैसे टूटेगा? लगता है जैसे विपक्ष की दिलचस्पी संसद चलने देने में नहीं, वैसे ही सीजेपी की भी पहली प्राथमिकता परीक्षा व्यवस्था में सुधार की नहीं दिखती। उसका एकमात्र उद्देश्य शिक्षा मंत्री का त्यागपत्र दिखता है। इस हिसाब से तो उन सभी राज्यों के शिक्षा मंत्रियों के त्यागपत्र मांगे जाने चाहिए, जहां पिछले कुछ वर्षों में पेपर लीक हुए हैं। छात्र हित के नाम पर की जा रही इस राजनीति के बीच सरकार को यह सचमुच सुनिश्चित करना चाहिए कि पेपर लीक के दोषियों को सच में समय पर कठोर दंड मिले। इसके लिए सीबीआई को भी तत्परता दिखानी होगी। यह शुभ संकेत नहीं कि 2024 के नीट पेपर लीक मामले के मुख्य आरोपित के खिलाफ सीबीआई को कोई प्रमाण नहीं मिले।

## विशेष आलेख

# संवाद से सशक्त होगा लोकतंत्र, हिंसा से नहीं



दिल्ली के जंतर-मंतर से संसद भवन तक हाल के आंदोलन के दौरान जो तनाव, टकराव और हिंसक घटनाएं देखने को मिलीं, वे केवल कानून-व्यवस्था का प्रश्न नहीं हैं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की परिपक्वता पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती हैं। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच टकराव, बैरिकेड तोड़ने के प्रयास, मेट्रो स्टेशन में जबरन प्रवेश की कोशिश, पुलिस द्वारा लाठीचार्ज और आंसू गैस का प्रयोग-ये सभी दृश्य उस लोकतांत्रिक संस्कृति के अनुरूप नहीं कहे जा सकते, जिसकी आधारशिला अहिंसा, संवाद और संवैधानिक मर्यादाओं पर रखी गई है। भारत आज आजादी के शताब्दी वर्ष 2047 की ओर बढ़ रहा है। यह केवल आर्थिक महाशक्ति बनने का लक्ष्य नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक परिपक्वता की कसौटी पर भी स्वयं को सिद्ध करने का अवसर है। यदि हम आज भी असहमति को हिंसा, टकराव और अराजकता के माध्यम से व्यक्त करेंगे, तो लोकतंत्र की आत्मा कमजोर होगी। लोकतंत्र की शक्ति सड़क पर शक्ति-प्रदर्शन में नहीं, बल्कि विचारों की शक्ति, संवाद की संस्कृति और संवैधानिक प्रक्रियाओं में निहित होती है।

राहुल गांधी द्वारा नीट पेपर लीक प्रकरण को लेकर चल रहे घरना-प्रदर्शन के दौरान अचानक अपने सहयोगी सांसदों के साथ प्रधानमंत्री आवास के निकट धरने पर बैठना और संसद की बजाय सड़क को राजनीतिक संघर्ष का मंच बनाना अनेक गंभीर प्रश्न खड़े करता है। जिस प्रकार इससे पहले कॉकरोच जनता पार्टी के तथाकथित छात्रों एवं कार्यकर्ताओं ने संसद चलो मार्च के दौरान तनावपूर्ण, अराजक एवं हिंसक माहौल बनाने की घटनाएं सामने आईं, उससे यह आशंका बलवती हुई कि कुछ राजनीतिक शक्तियां भारत में भी नेपाल जैसी अराजक परिस्थितियां पैदा करने को उजावले हैं। सरकार की सतर्कता और सुरक्षा एजेंसियों की समय रहते की गई कार्रवाई से, कुछ कमियों के बावजूद, इस बड़े संकट को टाल दिया गया, अन्यथा दिल्ली लंबे समय तक हिंसा और अशांति की चपेट में आ सकती थी। देश पहले भी नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के विरोध के दौरान शाहीन बाग में लगभग सौ दिनों तक एक प्रमुख सड़क के अवरुद्ध रहने और उससे आम नागरिकों को हुई भारी कठिनाइयों का अनुभव कर चुका है। लोकतंत्र में असहमति और विरोध का अधिकार निर्विवाद है, लेकिन उसका स्थान संसद, संवाद और संवैधानिक संस्थाएं हैं, न कि सड़क पर टकराव और अराजकता। विपक्ष यदि बार-बार ऐसे आंदोलनों को प्रोत्साहित करता है, तो यह प्रश्न स्वाभाविक है कि उसका उद्देश्य लोकतांत्रिक विमर्श को मजबूत करना है या राजनीतिक ध्रूवीकरण और अस्थिरता को बढ़ावा देना। जनता अपेक्षा करती है कि सभी दल संसद को सर्वोच्च मंच मानते हुए वहीं जवाबदेही सुनिश्चित करें। भारतीय संविधान का अनुच्छेद 19 प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा शांतिपूर्ण और निरस्त्र सभा करने का अधिकार देता है। यह अधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी पहचान है। किंतु प्रत्येक अधिकार के साथ कर्तव्य और मर्यादा भी जुड़ी होती है। प्रदर्शन करना लोकतांत्रिक अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना, पुलिस से टकराव करना, हिंसा फैलाना अथवा आम नागरिकों के जीवन को बाधित करना किसी भी दृष्टि से लोकतांत्रिक आचरण नहीं कहा जा सकता। यदि आंदोलन अपनी नैतिक शक्ति खो देता है, तो उसकी मांगें भी समाज की सहानुभूति खो बैठती हैं। यह भी उतना ही सत्य है कि लोकतंत्र केवल जनता के लिए नहीं, बल्कि सरकार के लिए भी उत्तरदायित्व का नाम है। सरकार को भी आंदोलनों को केवल कानून-व्यवस्था की समस्या मानकर नहीं देखना चाहिए। जब भी किसी वर्ग, विशेषकर युवाओं और छात्रों में असंतोष उत्पन्न हो, तो उसका समय रहते समाधान खोजने का प्रयास होना चाहिए। संवाद के दरवाजे जितनी जल्दी खुलेंगे, टकराव की संभावनाएं उतनी ही कम होंगी। लोकतंत्र में सरकार की सबसे बड़ी शक्ति उसका धैर्य, संवेदनशीलता और संवाद की इच्छा होती है। इतिहास साक्षी है कि भारत के अधिकांश सफल जनआंदोलन अहिंसा और संवाद की शक्ति से ही सफल हुए हैं। महात्मा गांधी ने विश्व को यह संदेश दिया कि सत्य और अहिंसा सबसे बड़े अस्त्र हैं। वर्ष 2011 का अन्ना हजारे का भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन भी इसका उदाहरण है। लाखों लोग सड़कों पर उतरे, लेकिन आंदोलन का नैतिक बल उसकी शांति और अनुशासन में था। उसी कारण सरकार को संवाद का रास्ता अपनाना पड़ा और पूरे देश में एक सकारात्मक बहस प्रारंभ हुई।

इसके विपरीत जहां-जहां आंदोलनों ने हिंसा का मार्ग अपनाया, वहां उनका मूल उद्देश्य पीछे छूट गया और चर्चा केवल हिंसा तक सीमित होकर रह गई। आज सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर ऐसी कौन-सी शक्तियां हैं, जो सामान्य और भोली-भाली जनता एवं देश के युवाओं को हिंसा की ओर धकेल देती हैं? कौन-से तत्व आंदोलनों की दिशा बदलकर उन्हें अराजकता में परिवर्तित कर देते हैं? यह चिंता केवल सरकार की नहीं, पूरे समाज की होनी चाहिए। लोकतंत्र में असहमति स्वाभाविक है, लेकिन यदि असहमति के मंच पर राष्ट्रविरोधी, अराजक अथवा हिंसक तत्व सक्रिय हो जाएं, तो उन्हें नियंत्रित करना भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का अनिवार्य दायित्व बन जाता है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अर्थ अराजकता की स्वतंत्रता नहीं हो सकता। संसद लोकतंत्र का सर्वोच्च मंदिर है। जंतर-मंतर लोकतांत्रिक विरोध का प्रतीक स्थल है। यदि इन दोनों के बीच हिंसा, तोड़फोड़ एवं अराजकता का दृश्य निर्मित होता है, तो यह केवल राजधानी की घटना नहीं रहती, बल्कि पूरे देश और विश्व के सामने भारतीय लोकतंत्र की छवि को प्रभावित करती है। लोकतंत्र की गरिमा इस बात में नहीं कि कौन अधिक आक्रामक है, बल्कि इस बात में है कि कौन अधिक संयमित और उत्तरदायी है। राजनीतिक दलों को भी आत्ममंथन करना होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों लोकतंत्र के दो पहिए हैं। यदि दोनों के बीच संवाद समाप्त हो जाएगा, तो लोकतंत्र टकराव का अखाड़ा बन जाएगा। विपक्ष का दायित्व केवल विरोध करना नहीं, बल्कि रचनात्मक विकल्प प्रस्तुत करना भी है। उसी प्रकार सरकार का दायित्व केवल शक्ति प्रदर्शन करना नहीं, बल्कि असहमति को सम्मानपूर्वक सुनना भी है। लोकतंत्र में किसी की पूर्ण विजय या पूर्ण पराजय नहीं होती, यहां अंततः संवाद, सहमति और समाधान ही सबसे बड़ी जीत होती है। छात्रों और युवाओं की समस्याओं का समाधान भी अत्यंत आवश्यक है। युवा किसी भी राष्ट्र की ऊर्जा हैं। यदि उनकी आशाओं और अपेक्षाओं की उपेक्षा होगी, तो असंतोष स्वाभाविक रूप से बढ़ेगा।

## स्वास्थ्य समाचार

# इस तरह चेहरे पर लगाएं एलोवेरा, दूर होगी मुंहासे और दाग-धब्बों की समस्या



चेहरे पर कील-मुंहासे, दाग-धब्बे होना चेहरे की सबसे आम समस्याओं में से एक है। जिसके कारण लोगों को काफी असहजता होती है और यह उनकी सुंदरता को भी प्रभावित करता है। लेकिन क्या आप जानते हैं इससे छुटकारा दिलाने में चेहरे पर एलोवेरा जेल का प्रयोग बहुत फायदेमंद साबित हो सकता है? त्वचा को हेल्दी रखने के लिए एलोवेरा एक अद्भुत औषधीय पौधा होता है। जो त्वचा की कई समस्याओं को दूर करने में मदद करता है, जैसे त्वचा में एलर्जी, चकत्ते, त्वचा में खुजली और पपड़ीदार त्वचा, दाद-खाज आदि। ऐसा इसलिए क्योंकि एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं, जो हानिकारक बैक्टीरिया से लड़ने में मदद करते हैं और उनका सफाया करते हैं।

चेहरे की रंगत में सुधार करने और मुंहासों से छुटकारा दिलाने में भी यह बहुत लाभकारी है। यही कारण है कि यह बहुत से लोगों के स्किनकेयर रूटीन का एक अहम हिस्सा है। यहां तक कि हम में से ज्यादातर लोग अपने एलोवेरा जेल आधारित स्किन केयर प्रोडक्ट्स का ही प्रयोग करते हैं। हालांकि बाजार में मौजूद स्किन केयर प्रोडक्ट में हानिकारक केमिकल मौजूद होते हैं। जिससे त्वचा को कुछ नुकसान पहुंच सकते हैं। जबकि आप सीधे तौर पर एलोवेरा का जेल निकालकर इसे चेहरे पर अप्लाई कर सकते हैं। लेकिन चेहरे के मुंहासे और दाग-धब्बों से छुटकारा पाने के लिए एलोवेरा का प्रयोग कैसे करें?

### सीधे तौर पर लगाएं

चेहरे पर आप सीधे तौर एलोवेरा जेल लगा सकते हैं। आप इसके लिए एलोवेरा पौधे का प्रयोग कर सकते हैं, या बाजार से एक प्राकृतिक एलोवेरा जेल खरीद सकते हैं। रात में सोने से पहले चेहरा सादे पानी से धोकर, अच्छी तरह सुखा लें। फिर चेहरे पर एलोवेरा जेल लगाएं और कुछ मिनट सर्कुलर मोशन में चेहरे की मालिश करें। इसे रात भर के लिए चेहरे पर छोड़ दें, फिर सुबह सादे पानी से धो लें।

### एलोवेरा और नींबू का प्रयोग करें

नींबू में विटामिन सी और साइट्रिक एसिड होता है। इसे एलोवेरा जेल में मिलाकर चेहरे पर लगाते हैं, तो इससे मुहांसों की सूजन कम होती है और चेहरे की रंगत साफ होती है। आपको 1-2 चम्मच एलोवेरा जेल लेना है, फिर इसमें 1 चम्मच नींबू रस डालकर अच्छी तरह मिलाना है। इसे फेस पैक या मास्क की तरह चेहरे पर लगाएं और कम से 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें। फिर सादे पानी से धो लें। रात में सोने पहले लगाएं।

### स्क्रब की तरह प्रयोग करें

आप एलोवेरा जेल में नारियल तेल, चीनी और चीनी मिलाकर इसे चेहरे पर फेस स्क्रब की तरह प्रयोग कर सकते हैं। यह डेड स्किन, त्वचा के अतिरिक्त तेल, गंदगी, पिगमेंटेशन आदि को पहले साफ करने करने में मदद करता है। बस 2 चम्मच एलोवेरा जेल में, 1 चम्मच नारियल तेल और आधा चम्मच चीनी पीसकर मिलाएं, अच्छी तरह मिक्स करें, फिर चेहरे पर सामान्य स्क्रब की तरह प्रयोग करें। इससे सर्कुलर मोशन में 5-8 मिनट मसाज करें और 5 मिनट के लिए चेहरे पर छोड़ दें। उसके बाद सादे पानी से धो लें और चेहरे पर एक अच्छा मॉइश्चराइजर लगाएं।

# जैतून का तेल है कई समस्याओं का रामबाण घरेलू इलाज

जैतून का तेल हम में से ज्यादातर लोगों के किचन का एक अहम हिस्सा है। खाना पकाने के लिए इसका प्रयोग बहुत फायदेमंद है, क्योंकि जैतून के तेल को दिल के लिए बहुत स्वस्थ माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, जैतून के तेल का प्रयोग कई घरेलू नुस्खों के तौर पर भी काफी किया जाता है। यहां तक कि कई समस्याएं दूर करने के लिए यह एक बहुत ही प्रभावी उपाय है। इसका कई प्राकृतिक औषधियों में भी प्रयोग किया जाता है। जैतून के तेल में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, साथ ही यह हेल्दी फैट्स से भी भरपूर होता है। इसे संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद माना जाता है।



### त्वचा की समस्याएं करे दूर

अगर आप जैतून के तेल का प्रयोग शरीर और चेहरे की त्वचा की मालिश के लिए करते हैं, तो यह ड्राई स्किन, कील-मुंहासे और दाग-धब्बे आदि दूर करने में मदद करता है। खासकर ठंड के मौसम में शुष्क त्वचा की समस्या से बचाव में यह बहुत लाभकारी है।

### बालों की समस्याएं दूर होती हैं

बालों की कई समस्याएं जैसे बालों का झड़ना रोकने, ड्राई और फ्रिजी हेयर, सफेद बाल साथ ही डैंड्रफ आदि समस्याओं को दूर करने में जैतून का तेल बहुत लाभकारी है। आप जैतून के तेल से बालों और स्कैल्प की अच्छी तरह मालिश कर सकते हैं, इसके अलावा अपने हेयर मास्क आदि में भी जैतून का तेल मिलाकर बालों में अप्लाई कर सकते हैं।

### मुंह को रखे स्वस्थ

अगर आप जैतून के तेल का प्रयोग ऑयल पुल्लिंग के लिए करते हैं, तो इससे कई फायदे मिलते हैं। यह आपके मसूड़े और दांतों को मजबूत बनाता है। मसूड़ों की सूजन और उनसे खून निकलने की समस्या भी दूर होती है। यह मुंह के हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करता है और कैविटी से बचाता है। आप जैतून के तेल में नमक मिलाकर भी दांतों और मसूड़ों की मालिश कर सकते हैं, इससे भी बहुत फायदा मिलेगा।

### दर्द में दिलाता है आराम

छोटी-मोटी चोट, मोच, सूजन आदि के दर्द को दूर करने के लिए भी जैतून के तेल का प्रयोग बहुत प्रभावी है। इसमें फेनोलिक यौगिक और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जिससे यह सूजन से लड़ने में बहुत प्रभावी है और दर्द से राहत प्रदान करता है। इसके लिए आप जैतून के तेल को गर्म करके इसे दर्द से प्रभावित हिस्से पर लगाकर मालिश कर सकते हैं। आप तेल में हल्दी या लहसुन भी गर्म कर सकते हैं, इससे मालिश करने से भी बहुत फायदा मिलता है।

# बच्चों को आंवला खिलाने से होते है यह बेहतरीन फायदे

आंवला पोषक तत्वों से भरपूर होता है। आंवला में भरपूर मात्रा में विटामिन सी, आयरन, पोटैशियम और कैल्शियम आदि पाया जाता हैं। इसको नियमित खाने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालता है। आंवला शरीर को लंबे समय तक स्वस्थ रखने में मदद करता है। बड़े लोग, तो आंवले के औषधीय गुण जानकर उसको डाइट में शामिल कर लेते है। लेकिन बच्चों को आंवला खिलाना काफी चैलेंजिग होता है। बच्चों की बढ़ती उम्र में इसे शामिल करने से बच्चों को बहुत फायदा भी होता हैं।

**पाचन तंत्र करें मजबूत :** बच्चों की डाइट में आंवला शामिल करने से बच्चों को कब्ज नहीं होती है। जिससे उनकी भूख बढ़ती है। बच्चों का नियमित आंवला खिलाने से पाचन तंत्र मजबूत होता हैं। कई बार बच्चों के पेट में जल्दी-जल्दी इंफेक्शन होता है। जिस कारण उन्हें पेट से संबंधित परेशानियां होती है।



**बच्चों की इम्यूनिटी करें मजबूत :** बचपन में कई बच्चों की इम्यूनिटी काफी कमजोर होती हैं। जिस कारण वो जल्दी बीमार पड़ते रहते है। आंवला में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है, जो बच्चों की इम्यूनिटी को मजबूत करने के साथ उनको हेल्दी रखने में मदद करता है।

**आंखों की रोशनी बढ़ाएं :** आजकल छोटे-छोटे बच्चे भी घंटो मोबाइल और टीवी के आगे बैठे रहते है। जिस कारण उनकी आंख कमजोर होने के साथ खुजली और आंख लाल होना जैसी समस्याएं हो सकती हैं। आंवला बच्चों को खिलाने से आंखों की रेटिना हेल्दी होती है। साथ ही कमजोर नजर की परेशानी भी दूर होती हैं।

**दिमाग को तेज करता है :** आंवला बच्चों के दिमाग को तेज करने में मदद करता है। अगर आपको बच्चा भी याद करके भूल जाता है, तो उसे नियमित आंवला को खिलाएं। ऐसा करने से उसका दिमाग तेज होगा और उसकी स्मरण शक्ति भी बढ़ेगी।

**खून की कमी करें दूर :** आंवला बच्चों को खिलाने से शरीर में खून की कमी दूर होती हैं। आंवला रेड ब्लड सेल्स के निर्माण में सहायता करता हैं। जिससे शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी नहीं हो पाती। इसके सेवन से बच्चों के शरीर की कमजोरी भी दूर होती है।

## आज का राशिफल

### मेष

रोजगार में वृद्धि होगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। शत्रु सक्रिय रहेंगे। गर्व-अहंकार को दूर करें। राजनीतिक व्यक्तियों से लाभकारी योग बनेंगे। मनोबल बढ़ने से तनाव कम होगा। साझेदारी में नवीन प्रस्ताव प्राप्त हो सकेंगे। आय से व्यय अधिक होंगे।

### वृष

भ्रम की स्थिति बन सकती है। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कानूनी अड़चन दूर होगी। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य संबंधी समस्या हल हो सकेगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपनी वस्तुएँ संभालकर रखें। रुका धन मिलेगा। यात्रा आज नहीं करें।

### मिथुन

धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। कोर्ट व कचहरी के कार्य बनेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। चोट व रोग से बचें। कार्य-व्यवसाय में लाभ होने की संभावना है। दांपत्य जीवन में अनुकूलता रहेगी। सामाजिक समारोहों में भाग लेंगे। सुकर्मों के लाभकारी परिणाम मिलेंगे। सश्रम किए गए कार्य पूर्ण होंगे।

### कर्क

बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा सफल रहेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। जोखिम न लें। अपने व्यसनों पर नियंत्रण रखें। पत्नी के बतलाए रास्ते पर चलने से लाभ की संभावना बनती है। यात्रा से लाभ। वाहन-मशीनरी खरीदी के योग हैं। व्यवसाय में अड़चनें आएंगी।

### सिंह

नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है। यात्रा आज नहीं करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

### कन्या

फालतू खर्च होगा। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यावसायिक योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं हो पाएगा। परिवार की चिंता रहेगी। अजनबियों पर विश्वास से हानि हो सकती है। आपकी बुद्धिमत्ता सामाजिक सम्मान दिलाएगी।

### तुला

भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। नौकरी में अधिकार बढ़ सकते हैं। अर्थ संबंधी कार्यों में सफलता से हर्ष होगा। सुखद भविष्य का स्वप्न साकार होगा। विचारों से सकारात्मकता बढ़ेगी। दुस्साहस न करें। व्यापार में इच्छित लाभ होगा। परिवार की मदद मिलेगी।

### वृश्चिक

पुराना रोग उभर सकता है। प्रयास सफल रहेंगे। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। रोजगार में वृद्धि होगी। यात्रा का शुभ योग होने के साथ ही कठिन कार्य में भी सफलता मिल सकेगी। रिश्तेदारों से संपत्ति संबंधी विवाद हो सकता है। व्यापार-नौकरी में लाभ होगा। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा।

### धनु

कष्ट, भय, चिंता व बेचैनी का माहौल बन सकता है। दु:खद समाचार मिल सकता है, धैर्य रखें। किसी के भरोसे न रहकर अपना कार्य स्वयं करें। महत्वपूर्ण कार्यों में हस्तक्षेप से नुकसान की आशंका है। परिवार में तनाव रहेगा। व्यापार-व्यवसाय मध्यम रहेगा।

### मकर

स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। व्यवसाय ठीक चलेगा। अच्छे लोगों से भेंट होगी जो आपके हितचिंतक रहेंगे। योजनाएं फलीभूत होंगी। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आलस्य से बचकर रहें। अधिकारी वर्ग विशेष सहयोग नहीं करेंगे। ऋण लेना पड़ सकता है।

### कुंभ

पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार मिलेंगे। मान बढ़ेगा। प्रसन्नता रहेगी। मन में उत्साह रहेगा, जिससे कार्य की गति बढ़ेगी। आपके कार्यों को समाज में प्रशंसा मिलेगी। भागीदारी में आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से लाभ होगा। मान-सम्मान मिलेगा। नेत्र पीड़ा हो सकती है।

### मीन

जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद को बढ़ावा न दें। मितव्ययिता को ध्यान में रखें। कुटुंबियों से संबंध सुधरेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। व्यापार लाभप्रद रहेगा। खर्चों में कमी करें। परिवार के कार्यों को प्राथमिकता दें।

## प्रदेश में एक करोड़ से अधिक नए लाभार्थी जुड़े खाद्य सुरक्षा से : गोदारा

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश सरकार ने गत ढाई वर्षों में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम एनएफएसए के तहत 1 करोड़ 77 हजार 182 वंचित एवं पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोड़ते हुए सामाजिक सुरक्षा का दायरा उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया, जिससे प्रदेश में अब कुल 4.37 करोड़ लाभार्थी खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ ले रहे हैं। नए जुड़े लाभार्थी कुल संख्या का लगभग 23 प्रतिशत हैं। मंत्री ने बताया कि 1 जनवरी से 31 अगस्त 2024 के बीच 12.95 लाख नए लाभार्थियों को योजना में शामिल किया गया। इसके बाद 26 जनवरी 2025 को खाद्य सुरक्षा पोर्टल दोबारा शुरू होने के बाद 87.81 लाख पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़े गए। सर्वाधिक नए लाभार्थी जयपुर, सीकर, जोधपुर, बाड़मेर और भीलवाड़ा जिलों से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा से जुड़े परिवारों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत नि:शुल्क खाद्यान्न के साथ राज्य सरकार की अन्य योजनाओं का भी लाभ मिल रहा है। इनमें 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, 10 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा तथा 25 लाख रुपये तक का नि:शुल्क उपचार शामिल है। मानसून को देखते हुए लाभार्थियों को तीन माह का नि:शुल्क राशन एक साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। गोदारा ने बताया कि गिव अप अभियान के तहत करीब 67 लाख लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा का लाभ छोड़ा, जबकि 27 लाख लोगों के ई-केवाईसी नहीं कराने पर उनके नाम सूची से हटाए गए। इससे लगभग 1.03 करोड़ स्थान रिक्त हुए, जिन पर पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जा सका। उन्होंने कहा कि इस पहल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उत्तरी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में राजस्थान सरकार की बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में सराहा गया। मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि प्रदेश का कोई भी पात्र और जरूरतमंद परिवार खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित न रहे।

## आशा सहयोगिनियों के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** चिकित्सा विभाग की ओर से जिले में आशा सहयोगिनियों के स्वैच्छिक मानदेय सेवा के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। आवेदन 27 जुलाई को शाम पांच बजे तक हार्ड कॉपी में संबंधित खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि अजीतगढ़ ब्लॉक के चीपलाटा, पोस्ट ऑफिस के पास अजीतगढ़, कुसमपुरा मोहल्ला अजीतगढ़, हरदास का बास, दांता ब्लॉक के दांता, उमाड़ा, कल्याणपुरा, डांसरोली, पूनियाणा, करड़, मुण्डियावास, राजनपुरा, दलपतपुरा गांव के आंगनबाड़ी में आशा सहयोगिनियों के रिक्त पदो के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए है। इसके अलावा फतेहपुर ब्लॉक के बेसवा, ताजसर, भिंचरी, नारी, नगरदास, जेठवा का बास, नेछवा ब्लॉक के गनेड़ी, तिड़ोकी बड़ी, सोला, सूतोद, लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक के रिणू, नीमकाथाना के भराला, बृसिंहवास, बावरिया बस्ती, हरजनपुरा, राजनगर, कैरोड़ा, पलसाना ब्लॉक के खाटूश्यामजी, गढ़वालों की ढाणी, पाटन ब्लॉक के इमलोहा, कोला की नांगल, श्रीमाधोपुर ब्लॉक के श्रीमाधोपुर, मिण्डाला, कूदन ब्लॉक के लोसल, खण्डेला ब्लॉक के जाजोद, बालिका विद्यालय कांवट, रींगस के वार्ड नंबर दो की आंगनबाड़ी केन्द्रों पर रिक्त आशा सहयोगिनियों के रिक्त पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सीकर शहर के विभिन्न वार्डों के आंगनबाड़ी में आशा सहयोगिनियों के स्वैच्छिक मानदेय सेवा के 23 रिक्त पदो के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि सीकर शहर की आंगनबाड़ी पर रिक्त पदों के लिए आवेदन पत्र झुंझुनू बाइपास स्थित मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीकर कार्यालय में जमा होंगे। रिक्त पदों एवं पात्रता संबंधि विस्तृत जानकारी संबंधित खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय एवं सीकर शहर के रिक्त पदों की सूचना मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** सहायक निदेशक जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल अधिकारिता विभाग, सीकर गार्गी शर्मा ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार बच्चों को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि जिले में 31 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बालक एवं बालिकाएं, जिन्होंने वीरता, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया है, वे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन के पात्र हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 हेतु उपयुक्त नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक बालक एवं बालिकाएं राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव 29 जुलाई को

निलेश मुद्गल

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर झुंझुनू स्थित चंचलनाथ टीले पर 29 जुलाई को हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। महोत्सव की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पूरे टीले परिसर, मंदिर एवं समाधि स्थल को जीवंत पुष्प सज्जा तथा रंग-बिरंगी आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा, जिससे संपूर्ण वातावरण आध्यात्मिक आभा से आलोकित रहेगा। टीले के संत विचारनाथ महाराज ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: सवा 7 बजे गुरु परंपरा के अनुसार ओमनाथ महाराज द्वारा अपने गुरुओं की समाधि स्थलों पर भोग अर्पित करने, पुष्पांजलि अर्पण तथा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना से होगा। इसके पश्चात विचारनाथ महाराज अपने पूज्य गुरुदेव ओमनाथ महाराज का विधिवत पूजन करेंगे। गुरु पूजा के दौरान शिष्य गुरुदेव का तिलक कर पुष्पमाला अर्पित करेंगे तथा फल, फूल, नारियल, मिठाई, वस्त्र एवं श्रद्धा भेंट समर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। गुरु चरणों में नमन कर उनकी आरती उतारेंगे, गुरु वंदना का गायन करेंगे तथा गुरु के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेंगे। महोत्सव के दौरान चूरू, सीकर, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ़ सहित विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में शिष्य एवं श्रद्धालु उपस्थित होंगे। वे भक्तिभाव से भजन-कीर्तन प्रस्तुत करेंगे, जिससे पूरा परिसर भक्तिरस से सराबोर हो जाएगा। कार्यक्रम में गुरु महिमा का गुणगान, सत्संग एवं आशीर्वचन भी होंगे।

## जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 28 को

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** अधीक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग वृत्त सीकर चुन्नीलाल ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेस-2 एवं जल जीवन मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 28 जुलाई मंगलवार को सायं 4 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार, सीकर में आयोजित की जाएगी।

# ट्रायल रूम कांड में एक और गिरफ्तारी, मुख्य आरोपी का चचेरा भाई गिरफ्तार

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** शहर के चर्चित ट्रायल रूम हिडन कैमरा मामले में कोर्ट की ओर से एक बड़ा फैसला आया है। इस बहुचर्चित प्रकरण में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसे अदालत ने 15 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। चिड़ावा शहर की जमजम रेडीमेड गारमेंट्स की दुकान के ट्रायल रूम में एक युवती का हिडन कैमरे से वीडियो बनाने का मामला सामने आया था।




सूझबूझ के साथ युवती द्वारा इस पूरे कांड का पर्दाफाश किए जाने के बाद शहर में भारी आक्रोश फैल गया था और चिड़ावा बाजार भी बंद रहे थे। इस मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी शाहरुख को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, जिसकी हाईकोर्ट में दो बार जमानत याचिका खारिज हो गई। अब पुलिस ने इसी मामले में मुख्य आरोपी शाहरुख के ताऊ के लड़के अजरुद्दीन को भी गिरफ्तार कर लिया है। एडवोकेट ने बताया कि पुलिस ने आरोपी अजरुद्दीन का मोबाइल फोन जब्त किया है, जो इस मामले में सबसे बड़ा सबूत बना है। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी शाहरुख ने घटना का वीडियो अजरुद्दीन के व्हाट्सएप पर भेजा था और दोनों इस वीडियो को साथ में देखते व इस्तेमाल करते थे। पुलिस ने सबूत के तौर पर जब्त मोबाइल को सील कर दिया है और इसे एफएसएल जांच के लिए भी भेजा जा सकता है। शुक्रवार को आरोपी अजरुद्दीन को चिड़ावा कोर्ट में अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उसे 15 दिनों के लिए न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में आगे की इन्वेस्टिगेशन अभी जारी है और यदि जांच के दौरान कोई अन्य संलिप्त व्यक्ति सामने आता है, तो उस पर भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस सनसनीखेज घटना को लेकर नागरिकों में अभी भी रोष व्याप्त है।

# अध्यापिका ने स्थापित कराई माँ सरस्वती की प्रतिमा, 170 विद्यार्थियों को बांटे स्कूल बैग

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पदमपुरा में शुक्रवार को विद्या की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों, विद्यालय स्टाफ और विद्यार्थियों की काफी संख्या में उपस्थिति रही। उपप्रधानाचार्य नम्रता ने बताया कि माँ सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना विद्यालय की अध्यापिका बसंती देवी के सौजन्य से कराई गई। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा हुई। इस दौरान विद्यालय परिसर में धार्मिक और उत्सव जैसा माहौल बना रहा। कार्यक्रम के दौरान बसंती देवी ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पदमपुरा तथा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय संस्कृत पदमपुरा के 170 छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग वितरित किए। नए बैग पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ सरस्वती की प्रतिमा की स्थापना और विद्यार्थियों को बैग वितरण जैसे कार्य शिक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करते हैं। उन्होंने बसंती देवी के इस प्रेरणादायक एवं जनहितैषी योगदान की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय पहल बताया। कार्यक्रम में उप प्रधानाचार्य नम्रता, सत्यवीर, बजरंग सिंह, ताराचंद, प्यारेलाल मेघवाल, राकेश, नेता विनोद, बृजलाल, मोहरसिंह मेघवाल, कुरडाराम, पालाराम, रामजीलाल, गुरूदयाल ढाका, सभाचंद ढाका, सज्जन सिंह ढाका सहित विद्यालय स्टाफ, ग्रामीण और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# नि:शुल्क नि:संतान परामर्श शिविर आयोजित

निसं

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में नि:शुल्क निरूसंन्तान परामर्श शिविर समाजसेवी एवं उदारमना भामाशाह दिनेश कुमार अजीतसरिया के पुत्र सुमित अजीतसरिया के सौजन्य से मोतीलाल अजीतसरिया पीतरजी ट्रस्ट होम्योपैथिक औषधालय परिसर में आयोजित हुआ। शिविर में शिवम् हॉस्पिटल एवं आई आर ए आई वी एस सेंटर, झुंझुनू की प्रसिद्ध स्त्री एवं निरू सन्तान विशेषज्ञ डॉ. स्मिता तोमर ने महिलाओं की चिकित्सकीय जांच कर उनकी समस्याओं का गहन अध्ययन किया तथा आधुनिक चिकित्सा पद्धति के अनुरूप आवश्यक परामर्श एवं उपचार संबंधी मार्गदर्शन दिया। शिविर के दौरान जरूरतमंद मरीजों को आवश्यक दवाइयाँ भी पूर्णत: नि:शुल्क उपलब्ध करवाई गईं। कार्यक्रम का शुभारंभ पीतरजी मंदिर में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. स्मिता तोमर, डॉ. पुरुषोत्तम शर्मा, विश्वनाथ सोनी, ओमप्रकाश सारस्वत, रामपाल पारीक तथा महेन्द्र सिंह शेखावत सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधे वितरित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** ?रतनगढ़ की स्थानीय राजकीय महादेव जालान बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में पर्यावरण संरक्षण के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम थीम पर आधारित आयोजन संस्थान प्रधान दिनेश कुमार महर्षि की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में विद्यार्थियों एवं, डीएमसी सदस्यों को 120 पौधे वितरित किये गये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य महर्षि ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रकृति मां के समान हमारे जीवन का आधार हैं। अपनी माताजी के सम्मान में लगाया गया प्रत्येक पौधा न केवल धरती को हरा.भरा बनाएगा, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राणवायु का अक्षय स्रोत बनेगा। इस दौरान वरिष्ठ अध्यापक अन्नम भारद्वाज व भानु प्रकाश शर्मा ने बालिकाओं को पर्यावरण सजगता शिक्षा परक संदेश देते हुए पौधों का संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की छात्राओंए स्टाफ सदस्यों और उपस्थित अतिथियों को नीम, तुलसी, गिलोय सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधों का नि:शुल्क वितरण किया गया। सभी उपस्थित जनों ने पौधों की नियमित देखरेख और सुरक्षा करने का सामूहिक संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। विद्यालय स्टाफ सदस्य शारदा शर्मा, दलीप सिंह, नीरू शर्मा, दीक्षा शर्मा, चंद्र प्रकाश पचलंगिया, उषा यादव, सरोज नोहाल, मंजुलता व सोहन लाल आदि उपस्थित थे।

# राजस्थान पुलिस एसआई भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा तीन अगस्त से

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान लोक सेवा आयोग आरपीएससी की ओर से आयोजित उप निरीक्षक/प्लाटून कमांडर सीधी भर्ती परीक्षा-2025 के लिखित परीक्षा परिणाम के बाद भर्ती प्रक्रिया का अगला चरण शुरू होने जा रहा है। लिखित परीक्षा में सफल 20,798 अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा पीईटी 3 अगस्त से 12 अगस्त 2026 तक प्रदेश के आठ रेंज मुख्यालयों पर आयोजित की जाएगी। इसके लिए प्रवेश-पत्र जल्द जारी किए जाएंगे। उप महानिरीक्षक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड मनोज कुमार ने बताया कि आरपीएससी ने लिखित परीक्षा 5 और 6 अप्रैल 2026 को आयोजित की थी, जिसका परिणाम 19 जून 2026 को घोषित किया गया। अब पुलिस मुख्यालय स्तर पर गठित बोर्ड लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा आयोजित करेगा। उन्होंने बताया कि पीईटी जयपुर दो परीक्षा केंद्र, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, भरतपुर, बीकानेर और अजमेर रेंज मुख्यालयों पर होगी। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि, समय और परीक्षा केंद्र पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा। परीक्षा के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेज साथ लाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। मनोज कुमार ने बताया कि प्रवेश-पत्र शीघ्र जारी किए जाएंगे, जिन्हें अभ्यर्थी अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश-पत्र के साथ फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। उन्होंने अभ्यर्थियों को सलाह दी कि वे महानिदेशक पुलिस, राजस्थान के स्थायी आदेश संख्या-10/2025 में निर्धारित पाठ्यक्रम एवं शारीरिक दक्षता मानकों के अनुरूप तैयारी करें। पुलिस भर्ती बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थियों को व्यक्तिगत रूप से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा से संबंधित सभी सूचनाएं राजस्थान पुलिस की आधिकारिक वेबसाइट तथा प्रमुख समाचार पत्रों के माध्यम से जारी की जाएंगी। अभ्यर्थियों से नियमित रूप से राजस्थान पुलिस की वेबसाइट का अवलोकन करते रहने की अपील की गई है।

## हरियालो राजस्थान व एक पेड मां के नाम अभियान के तहत किया पौधरोपण



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राजकीय उच्च माध्यमिक सात्यूं, तारानगर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से हरियालो राजस्थान अभियान एक पेड मां के नाम के तहत विद्यालय परिसर, खेल मैदान, औषधि वन उद्यान में वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम में संस्थाप्रधान राकेश कस्वा ने पेड लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी राजेश कुमार, गोपीराम सारण तथा सशचींद्रपाल सहारण की देखरेख में एनएसएस के वालीन्टर्स ने वृक्षारोपण किया। कार्यक्रम में सभी स्टाफसाची, ग्रामीणो, अन्य लोगो ने भाग लिया। भामरा गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानाचार्य कमलेश के नेतृत्व में 300 पेड़ खेल मैदान परिसर में लगाए गए तथा सभी विद्यार्थियों को पेड़ों की देखभाल की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई। इस अवसर पर प्राध्यापक कृष्ण कुमार, वरिष्ठ अध्यापक मंजू बाला, मुकेश कुमारी, भगवाना राम, मनीराम, भारती, सुशीला, शारदा, लक्ष्मी, सेवानिवृत वरिष्ठ अध्यापक मनीराम, अभिभावक माणकचंद प्रताप सिंह आदराम, अनिल कुमार, राकेश कुमार, सहित सभी विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण में सहयोग किया।

## जलदाय विभाग में पेयजल समस्या को लेकर वार्डवासियों का प्रदर्शन



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** वार्ड संख्या 37 में पिछले कई दिनों से पेयजल आपूर्ति की गंभीर समस्या को लेकर पूर्व पार्षद तौफिक गौरी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में वार्डवासी वाटर वर्क्स कार्यालय पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति की मांग की गई। गौरी ने कहा कि वार्ड के कई क्षेत्रों में समय पर पानी नहीं पहुंच रहा है। कुछ घर ऐसे भी हैं, जहां पिछले चार से छह महीनों से पेयजल की एक बूंद तक नहीं पहुंची है, जिससे परिवारों को रोजाना पानी की व्यवस्था के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति आमजन के लिए बेहद चिंताजनक है और इसका शीघ्र समाधान होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से जल्द समाधान की मांग करते हुए कहा कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो जनहित में बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी है। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे और सभी ने नियमित पेयजल आपूर्ति की मांग उठाई।

## पालिका का सौंदर्यकरण निर्माण कार्य शुरू



निसं

**बिसाऊ ( नवयत्न )।** नगर पालिका द्वारा बाइपास से बस स्टैंड रोड पर गौशाला मार्ग मोड़ तक अंडरग्राउंड केबल डालकर 15 स्ट्रीट लाइट के पोल और साइडों में पार्किंग टाइल का निर्माण किया जा रहा है। ईओ सीताराम कुमावत के अनुसार बाइपास के शहीद मुश्ताक खान सर्किल से बस स्टैंड जाने वाले सड़क मार्ग किनारे 9 लाख की लागत से 15 स्ट्रीट लाइट के खंभे अंडरग्राउंड वायरिंग के साथ लगायें जा रहे हैं और साढ़े तीन लाख की लागत से सौंदर्य करण हेतु पार्किंग टाइल्स लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा । गौरतलब है कि सड़क किनारे पालिका ने जांगीड़ भवन के बाद गौशाला रोड की मोड़ तक स्ट्रीट लाइट के खंभों को लगाने के लिए डेढ बाइ डेढ़ का फाउंडेशन कार्य शुरू किया है वह बिल्कुल सड़क मार्ग में आ रहा हैं इससे सड़क पर गुजरने वाले वाहनों के लिए परेशानी हो सकती है। पालिका द्वारा खंभों को लगाने के लिए जो फाउंडेशन बनायें जा रहे हैं वह बाइपास से जांगीड़ भवन तक तो नाली के दक्षिण साइड में बन रहे हैं उससे वाहनों को कोई दिक्कत नही होगी लेकिन जांगीड़ भवन के आगे गौशाला रोड की मोड़ तक बनायें जा रहे फाउंडेशन नाले के पूर्व साइड में बिल्कुल रोड पर बनायें जा रहे हैं जिससे रोड पर चलने वाले वाहनों के लिए परेशानी के सबब बन सकतें हैं।

## राजस्थान को डब्ल्यूएचओ का विश्व तंबाकू निषेध दिवस अवार्ड

### बीकानेर जिले का भी रहा उल्लेखनीय योगदान

निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व एवं चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर के निर्देशन में तंबाकू नियंत्रण के क्षेत्र में राजस्थान सरकार को विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ द्वारा श्विश्व तंबाकू निषेध दिवस अवार्ड-2026 से सम्मानित किया गया है। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली राज्य की इस वैश्विक उपलब्धि में बीकानेर जिले का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पुखराज साध के नेतृत्व व डिप्टी सीएमएचओ स्वास्थ्य डॉ. लोकेश गुप्ता के निर्देशन में जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा शहर से लेकर गांव तक व्यापक अभियान चलाया गया।

**बीकानेर में चला प्रभावी अभियान, नई दिल्ली में मिला सम्मान**- जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के जिला सलाहकार रविंद्र सिंह शेखावत एवं सामाजिक कार्यकर्ता कमल कुमार पुरोहित ने विभिन्न विभागों, शिक्षण संस्थानों और स्वास्थ्य केंद्रों के सहयोग से बीकानेर में कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई, तंबाकू मुक्ति परामर्श, रैलियां और तंबाकू मुक्त विद्यालय अभियान का सफल क्रियान्वयन किया। नई दिल्ली में आयोजित समारोह में राज्य सरकार की ओर से कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक डॉ. एस.एन. धोलपुरिया ने डब्ल्यूएचओ के कंट्री हेड से यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया।

# हिट फिल्म के बाद भी 15 महीने बेरोजगार रहीं कृति सेनन



## स्टारकिड्स ने छीने बड़े रोल, जिस किरदार पर सवाल उठे, उसी ने दिलाया नेशनल अवॉर्ड

“ पहले रैंप शो के बाद मैं ऑटो में बैठकर पूरे रास्ते रोती रही थी... पहले फोटोशूट बाद भी घर जाकर रोई थी। हिट फिल्म के बाद भी 15 महीने काम नहीं मिला। कई बार ऐसा हुआ कि जिस फिल्म के लिए ऑडिशन दिया, आखिर में वह किसी स्टार किड को मिल गई। कई-कई महीने तक कोई ऑडिशन नहीं आता था। मैं मां को दिन में दस-दस बार फोन करके रोती थी।

आज कृति सेनन बॉलीवुड की सफल अभिनेत्रियों में गिनी जाती हैं। उनके नाम नेशनल अवॉर्ड, कई सुपरहिट फिल्में और अपना प्रोडक्शन हाउस है। लेकिन इस मुकाम तक पहुंचाने का रास्ता रिजेक्शन, अकेलेपन, तानों और आत्मविश्वास की लड़ाई से होकर गुजरा है।

यह कहानी उस लड़की की है, जिसने कभी एक्टिंग का सपना नहीं देखा था, लेकिन रास्ता चुना तो पीछे मुड़ड़ कर नहीं देखा।

**आज की सक्सेस स्टोरी में कृति सेनन के करियर और निजी जीवन से जुड़ी कुछ खास बातें।**

### दिल्ली की इंजीनियरिंग स्टूडेंट, जिसने सपनों के दम पर बॉलीवुड तक का सफर तय किया

- कृति सेनन का जन्म 27 जुलाई 1990 को नई दिल्ली में हुआ। उनके पिता राहुल सेनन चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं, जबकि मां गीता सेनन दिल्ली विश्वविद्यालय में एसोसिएट प्रोफेसर रह चुकी हैं। उनकी छोटी बहन नुपुर सेनन भी अभिनेय और सिंगिंग की दुनिया में सक्रिय हैं।
- कृति ने शुरुआती पढ़ाई दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), आर.के. पुरम से की। इसके बाद जेपी इंस्टीट्यूट ऑफ इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, नोएडा से इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक की डिग्री हासिल की।

### मैं पढ़ाई में अच्छी थी, फिल्मों में आने का कभी नहीं सोचा

- कृति सेनन ने बॉलीवुड बबल को दिए इंटरव्यू में बताया था कि बचपन में उनका पूरा ध्यान पढ़ाई पर रहता था। वह पढ़ाई में अच्छी थीं, लेकिन बेहद शर्मीली भी थीं।
- वह कहती हैं, “मुझे स्टेज पर जाने से भी डर लगता था। डांस करना पसंद था, लेकिन एक्टिंग, थियेटर या ड्रामा में मैंने कभी हिस्सा नहीं लिया। फिल्मों में आने का तो मैंने कभी सोचा ही नहीं था।”
- स्कूल के बाद इंजीनियरिंग की पढ़ाई शुरू हुई। जिंदगी तय रास्ते पर चल रही थी। किसी को अंदाजा नहीं था कि यही लड़की आगे चलकर बॉलीवुड की बड़ी स्टार बनेगी।

### बी.टेक के दौरान एक सलाह ने बदल दी जिंदगी

- इंजीनियरिंग के दौरान एक दिन किसी ने कृति से कहा, “तुम्हारी हाइट अच्छी है, मॉडलिंग क्यों नहीं ट्राय करती?”
- पहली प्रतिक्रिया थी- नहीं... ये मेरे बस की बात नहीं। लेकिन फिर उन्होंने सोचा कि कोशिश करने में नुकसान नहीं है।
- अगर कुछ नहीं हुआ, तो कम से कम कॉंफिडेंस बढ़ जाएगा। यही फेसला उनकी जिंदगी का बड़ा टर्निंग पॉइंट बन गया।

### बहन ने खींचीं तस्वीरें... और किस्मत ने नया दरवाजा खोल दिया

- कृति के पास प्रोफेशनल पोर्टफोलियो नहीं था। उनकी छोटी बहन नुपुर ने घर पर ही कुछ तस्वीरें खींचीं।
- उन्होंने वही तस्वीरें एक वेबसाइट पर चल रहे फ्रेश फेस कॉन्टेस्ट में भेज दी। इनाम था- मशहूर फोटोग्राफर दब्बू रत्नानी से मुफ्त पोर्टफोलियो शूट।
- कृति को कॉन्टेस्टि मिला...वह कॉन्टेस्ट जीत गई। यहीं से मॉडलिंग का पहला कॉन्ट्रैक्ट मिला और फिल्मों तक जाने वाली राह खुली।

### पहला फोटोशूट... और घर जाकर फूट-फूटकर रोई

- किसी नए इंसान के लिए कैमरे के सामने खड़ा होना आसान नहीं होता। कृति के लिए भी नहीं नहीं था।
- शूट के दौरान फोटोग्राफर ने मुस्कुराते हुए सिर्फ इतना कहा, “ये तुम्हारा पहला फोटोशूट है नत?”
- बात सामान्य थी, लेकिन कृति को लगा कि शायद वह खराब काम कर रही हैं। शूट खत्म हुआ, वह सीधे घर पहुंचीं और रो पड़ीं।

### पहले रैंप शो में सबके सामने डांट पड़ी...ऑटो में बैठकर रोती रहीं

- अगर फोटोशूट मुश्किल था, तो पहला रैंप शो उससे भी कठिन साबित हुआ।
- नर्वसनेस के कारण रैंप पर कोरियोग्राफी में गलती हो गई। शो खत्म हुआ तो कोरियोग्राफर ने करीब 50 मॉडल्स के सामने उन्हें डांट दिया।
- कृति कुछ नहीं बोलीं। चुपचाप बाहर निकलीं... ...एक ऑटो में बैठीं...और पूरे रास्ते रोती रहीं।

### हार मानना कभी नहीं सीखा

- कृति मानती हैं कि उनके अंदर यह आदत हमेशा से रही है। अगर वह गिरती हैं, तो दोबारा उठकर कोशिश करती हैं।
- वह कहती हैं, “मैं आसानी से हार नहीं मानती। शायद यही वजह हे कि हर बार गिरने के बाद मैंने खुद को ए और मौका दिया।”
- यही जिद आगे चलकर उन्हें मॉडल से अभिनेत्री और फिर नेशनल अवॉर्ड विजेता कलाकार बनाने वाली थी।

> “ *मुझे हमेशा लगता था कि अगर मैंने कोशिश ही नहीं की, तो पूरी जिंदगी यहीं सोचती रहूंगी कि शायद मैं कर सकती थी। यही सोच मुझे हर मुश्किल के बाद आगे बढ़ाती रहीं।*
>
> – कृति सेनन







### जिस किरदार पर सवाल उठे, उसी ने दिलाया नेशनल अवॉर्ड

- फिल्म ‘मीमी’ में कृति ने एक ऐसी लड़की का किरदार निभाया, जिस पर लोगों ने सवाल भी उठाए।
- लेकिन कृति की संवेदनशील एक्टिंग ने सभी का दिल जीत लिया।
- इसी शानदार प्रदर्शन के लिए उन्हें मिला नेशनल अवॉर्ड।



**यह जीत सिर्फ एक अवॉर्ड नहीं, बल्कि उनके संघर्ष, धैर्य और मेहनत की सबसे बड़ी पहचान थी।**

# सीनियर सेकेंडरी बोर्ड में प्रदेश टॉपर रही स्वर्णकार समाज की बेटी प्राची को अब तक नहीं मिला अनुदान

### बालिका के समर्थन में आगे आया स्वर्णकार समाज

निसं



**बुगाला/झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वर्ष 2024 की सीनियर सेकेंडरी परीक्षा में शत प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल करने वाली स्वर्णकार समाज की प्रतिभाशाली छात्रा प्राची को सरकार द्वारा घोषित आर्थिक सहायता और उच्च शिक्षा का अनुदान अब तक नहीं मिलने का मामला सामने आया है। इसको लेकर समाज में गहरा रोष है। मैढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज ज्वैलर्स एसोसिएशन के सांवरमल डांवर व खैरथल निवासी छात्रा के पिता नरेन्द्र कुमार ने बताया कि प्राची ने वर्ष 2024 की सीनियर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा में 500 में से पूरे 500 अंक प्राप्त कर राजस्थान में प्रथम स्थान प्राप्त किया था जो वह बिट्स पिलानी की छात्रा है। उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता के बाद तत्कालीन शिक्षा मंत्री मदन दिलावर स्वयं छात्रा के घर पहुंचे थे। उस दौरान उन्होंने प्राची को आर्थिक अनुदान देने तथा उसकी आगे की संपूर्ण शिक्षा का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किए जाने की सार्वजनिक घोषणा की थी। लेकिन डेढ़ वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी छात्रा को न तो घोषित अनुदान मिला है और न ही उच्च शिक्षा के लिए किसी प्रकार की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई गई है। इसके लिए वे तीन बार शिक्षा मंत्री से मिले तो उन्होंने आश्वासन दिया कि देखते हैं। यही नहीं मुख्यमंत्री कार्यालय में भी सचिव के नाम पत्र लिखकर दिया गया। समाज के पदाधिकारियों का कहना है कि प्राची की उपलब्धि केवल उसके परिवार की नहीं बल्कि पूरे स्वर्णकार समाज और राजस्थान के लिए गर्व का विषय है। उसकी इस ऐतिहासिक सफलता पर प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनेक सम्मान समारोह आयोजित किए गए, जहां समाज ने उसे सम्मानित कर प्रोत्साहित किया लेकिन जिस सरकारी सहयोग और प्रोत्साहन की घोषणा की गई थी, वह आज तक धरातल पर नहीं उतर सका। समाज के लोगों ने इसे प्रतिभा के साथ अन्याय बताते हुए कहा कि यदि प्रदेश में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा को भी घोषित सहायता के लिए भटकना पड़े तो यह मेधावी विद्यार्थियों के मनोबल पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगा। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की कि शिक्षा मंत्री द्वारा की गई घोषणा को तत्काल प्रभाव से लागू करते हुए प्राची को घोषित आर्थिक अनुदान और उच्च शिक्षा के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि सरकार को अपने वादों का सम्मान करना चाहिए ताकि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का उत्साह बना रहे और अन्य छात्र-छात्राएं भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित हों। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही इस मामले का समाधान नहीं हुआ तो समाज इस मुद्दे को व्यापक स्तर पर उठाने पर विचार करेगा।

## गुरु पूर्णिमा पर होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन

ललित दाधीच

राजलदेसर (नवयत्न)। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के दौरान भोला बाबा बगीची में 29 जुलाई को महंत सोमनाथ महाराज के सानिध्य में विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। संत सुरजीत नाथ महाराज ने बताया 28 जुलाई को रात्रि 8 बजे से भजन संध्या एवं सत्संग का आयोजन होगा। 29 जुलाई को प्रात: शिव अभिषेक, शास्त्र पूजन, गुरु पूजन का कार्यक्रम होगा उसके बाद गुरु आशीर्वाद एवं महाप्रसाद का आयोजन होगा। आयोजन को लेकर बगीची में तैयारियां चल रही है।

# बारिश में भी डटी रहीं आशा सहयोगिनियां, 2 घंटे प्रदर्शन कर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू (नवयत्न)।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिलेभर की आशा सहयोगिनियों ने शुक्रवार को जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। बारिश के बावजूद आशा सहयोगिनियां करीब दो घंटे तक कलेक्ट्रेट पर डटी रही और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। बाद में जिला अध्यक्ष मंजू लालपुरिया के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में आशा सहयोगिनियों ने कहा कि वे गांव और शहरों में लोगों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का महत्वपूर्ण काम करती हैं। इसके बावजूद उन्हें पर्याप्त सुविधाएं और अधिकार नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने सरकार से जल्द उनकी मांगों पर फैसला लेने की मांग की। आशा सहयोगिनियों ने संविदा नियम-2022 में शामिल करने, चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी का दर्जा देने, 26 हजार रुपए मासिक मानदेय तय करने, पेंशन की व्यवस्था करने और एएनएम भर्ती में आरक्षण देने की मांग की। साथ ही मानदेय का भुगतान समय पर करने की भी मांग उठाई। प्रदर्शन में बृजेश सैनी, अनु पारीक, बबीता सिहाग, माया, चमेली, इंदुबाला सहित बड़ी संख्या में आशा सहयोगिनियां मौजूद रहीं।

### कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

आशा सहयोगिनियों ने मांग की कि उन्हें संविदा नियम-2022 में शामिल किया जाए और चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। उनका कहना है कि लंबे समय से काम करने के बावजूद उन्हें कर्मचारियों जैसी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं।

### 26 हजार मानदेय और पेंशन की मांग

आशा सहयोगिनियों ने महंगाई को देखते हुए 26 हजार रुपए मासिक मानदेय की मांग की। इसके अलावा सेवानिवृत्ति पर 10 लाख रुपए की एकमुश्त सहायता राशि और 12 हजार रुपए मासिक पेंशन देने की मांग भी की।

**एएनएम भर्ती में आरक्षण की मांग-** ज्ञापन में एएनएम भर्ती में अनुभवी आशा सहयोगिनियों को 50 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की गई। साथ ही हर महीने समय पर मानदेय का भुगतान सुनिश्चित करने की भी मांग उठाई गई।

**मांगें नहीं मानीं तो आंदोलन जारी रहेगा-** आशा सहयोगिनियों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर जल्द फैसला नहीं लिया गया तो वे आगे भी आंदोलन जारी रखेंगी। उन्होंने सरकार से जल्द समाधान निकालने की मांग की।

# भारतीय किसान संघ की तहसील की बैठक सम्पन्न

ललित दाधीच



**राजलदेसर (नवयत्न)।** भारतीय किसान संघ, तहसील राजलदेसर की बैठक लाडसरिया भवन में ओंकार बिस्सु लाछड़सर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रांत जल संरक्षण प्रमुख शंकरलाल महर्षि, जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा, जिला मंत्री चुन्नीलाल प्रजापत तथा रतनगढ़ तहसील अध्यक्ष सादुल सिंह का सान्निध्य रहा। बैठक में सर्वसम्मति से नई तहसील कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें बिरदीचंद प्रजापत को तहसील अध्यक्ष, कृष्ण गोपाल बंडवा को तहसील मंत्री, श्रीराम लाछड़सर एवं पेपसिंह बिनादेसर को तहसील उपाध्यक्ष, रामचंद्र धेतरवाल भावनदेसर को सह मंत्री, बेगाराम जैगनिया बिदावतान को जल संरक्षण प्रमुख, छगनसिंह परसनेऊ एवं दौलतसिंह बंडवा को स्वच्छता प्रमुख तथा गो-आधारित कृषि एवं जैविक प्रमुख सहित अन्य दायित्वों पर कार्यकर्ताओं का चयन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत जल संरक्षण प्रमुख शंकरलाल महर्षि ने ग्राम समिति से लेकर संगठन की कार्यपद्धति एवं रीति-नीति पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ग्राम समिति ही संगठन की वास्तविक शक्ति है। प्रत्येक माह नियमित बैठकों के माध्यम से संगठन को मजबूत बनाया जा सकता है। जिला मंत्री चुन्नीलाल प्रजापत ने कहा कि चूरू जिले के प्रत्येक खेत तक नहर का पानी पहुंचाने के लिए भारतीय किसान संघ भागीरथ प्रयास कर रहा है। उन्होंने सभी किसानों से इस अभियान से जुड़ने का आह्वान किया। रतनगढ़ तहसील अध्यक्ष सादुल सिंह ने कहा कि किसानों के साथ वर्षों से अन्याय होता आया है। यदि किसान अब भी संगठित होकर नहीं जागे तो उनका शोषण लगातार जारी रहेगा। जिला अध्यक्ष मुकेश रामपुरा ने कहा कि किसान जागृति रथ यात्रा जिले की सभी तहसीलों में सफलतापूर्वक सम्पन्न हो रही है। इसके उपरांत 18 सितंबर को चूरू जिला मुख्यालय पर आयोजित किसान शक्ति संगम महापड़ाव को सफल बनाने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने कहा कि लाखों किसान एकत्र होकर जिले के प्रत्येक खेत को सिंचाई का पानी उपलब्ध कराने सहित भारतीय किसान संघ की 11 सूत्रीय मांगों के समाधान के लिए सरकार को मजबूर करेंगे। बैठक में बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से परमेश्वर शर्मा, विक्रम सिंह, भागीरथ, गोपालराम, ललित कुमार, दिनेश सैन, पवन कुमार सैन, विद्याधर शर्मा, पोकरणराम बिस्सु, गिरधारीलाल धेतरवाल, सोहन राम एवं धनराज सेन सहित अनेक किसान एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हाईवे पर मिला युवक का खून से लथपथ शव

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी के दौलतपुरा थाना क्षेत्र में जयपुर-दिल्ली हाईवे पर गुरुवार देर रात एक अर्धनग्न युवक का लहूलुहान शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के शरीर पर गंभीर चोटों के निशान मिले हैं, जबकि घटनास्थल से कुछ दूरी पर बाइक के टूटे हुए पार्ट्स भी बरामद हुए हैं। ऐसे में पुलिस हत्या और हिट एंड रन, दोनों पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। थानाधिकारी महेंद्र सिंह ने बताया कि गुरूवार-शुक्रवार की मध्य रात्रि करीब दो बजे सूचना मिली कि दौलतपुरा स्थित अप्पू घर के पास हाईवे और सर्विस लेन के बीच एक युवक खून से लथपथ हालत में पड़ा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो युवक के शरीर पर केवल अंडरगारमेंट था। उसके कंधे और कमर का मांस बुरी तरह फटा हुआ था तथा वह खून से लथपथ अवस्था में पड़ा मिला। घटनास्थल की तलाशी के दौरान पुलिस को कुछ दूरी पर बाइक के टूटे हुए पार्ट्स भी मिले। गंभीर हालत में युवक को तत्काल कांवटिया अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। पुलिस ने फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला एफएसएल की टीम की मदद से घटनास्थल से साक्ष्य जुटा, हैं। मृतक की उम्र करीब 35 वर्ष बताई जा रही है। उसके सीने और हाथ पर टैटू बने हुए हैं। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मृतक किसी अच्छे परिवार का प्रतीत होता है। पुलिस का मानना है कि युवक के कपड़े गायब होना और घटनास्थल पर बाइक के टूटे हुए पार्ट्स मिलना कई सवाल खड़े करता है। आशंका है कि किसी वाहन से टक्कर मारने के बाद घटना को सड़क दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया हो। फिलहाल पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है और हत्या व हिट एंड रनए दोनों पहलुओं से गहन जांच में जुटी है।


## नाम परिवर्तन

मैं मनसुर अहमद पुत्र श्री मो. अली निवासी मोहल्ला काजीवाड़ा, झुंझुनूं, तहसील व जिला झुंझुनूं, राज.। यह कि मैंने मेरा नाम मनसुर अहमद (MANSOOR AHMED)से बदलकर मनसुर अहमद (MANSUR AHAMAD) रख लिया है। भविष्य में मुझे मनसुर अहमद (MANSUR AHAMAD) के नाम से जाना, पहचाना व पुकारा जावे।

## नाम परिवर्तन

मैं राजेन्द्र कुमार पुत्र मोती लाल निवासी वार्ड नं. 19 सूरजगढ़ तहसील सूरजगढ़ जिला झुंझुनू (राज.)। मेरी पुत्री के स्कूल रिकॉर्ड में उसका नाम मनस्वी डिग्रवाल (MANASHAVI DIGRAWAL) दर्ज है। जबकि उसका सही नाम मनस्वी डिग्रवाल (MANASVI DIGRAWAL) है भविष्य में इसी नाम से जाना व पहचाना जावें व स्कूल रिकॉर्ड में भी दुरूस्त करें।

## URBAN IMPROVEMENT TRUST SIKAR

Near Circuit House, Jaipur Road, Sikar 332001
Email ID:- uit.sikar@rajatsthan.gov.in

File No. :- न.वि.न्या./विकास/2026-27/527 दिनांक :- 22/07/2026

**Notice Inviting Bid :- 10/2026-27**

Bids for Plantation and maintenance work are invited from interested bidders up to 04.08.2026 (time) 06.00 PM. Other Particulars of the bid may be visited on the procurement portal **(https://sppp.rajasthan.gov.in), (https://eproc.rajasthan.gov.in)** of the state. The approximate value of 1 works is Rs. 42.37 Lacs.

**NIB Code : UIS2627A0012**
**UBN No. : UIS2627WSOB00021**

Executive Engineer
UIT Sikar

Raj.Samwad/C/26/7547


# सीएलजी की बैठक आयोजित

ललित दाधीच

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर पुलिस थाना में एक हफ्ते में दूसरी बार थाना प्रभारी बेगा राम मीणा ने थाना परिसर में सीएलजी की बैठक गुरुवार देर शाम को ली। जिसमें थाना प्रभारी बेगाराम मीणा ने उपस्थित सदस्यों को बताया कि कस्बे में ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से कैसे बनाएं इसके लिए सभी से सुझाव लिए गए एवं जो ट्रैफिक व्यवस्था का उल्लंघन करेगा उनकी गाड़ी पुलिस थाने में सीज होगी। साथ ही जो व्यक्ति साइबर फ्रॉड का काम करते हैं वह भी सावधान हो जाए, अति शीघ्र एक महीने तक विशेष अभियान चलाया जाएगा जो फ्रॉड में सम्मिलित है उनको किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इसके अलावा उन्होंने अवैध रूप से नशा खोरी का काम करने वाले व्यक्तियों को भी सावधान होने की बात कही। साथ ही बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चलाने वाले को भी सावधान किया। अगर बिना हेलमेट नेशनल हाईवे रोड पर मोटरसाइकिल पर जो भी व्यक्ति मिलेगा उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही उन्होंने राजलदेसर कस्बे में भामाशाह के सहयोग से 31 कैमरे कस्बे के मुख्य मार्गों पर लगाने की बात कही, जिसके लिए उन्होंने कहा कुछ भामाशाह मेरे संपर्क में है कुछ भामाशाहों का कस्बे वासियों से सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर दौलतराम जाट ने एक कैमरा अच्छी क्वालिटी का देने की घोषणा की, जिस पर थाना प्रभारी ने उनका स्वागत किया। बैठक में निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा, स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष गंगाराम सोनी,



वीरेंद्र लाटा, मोहम्मद शरीफ छींपा, फारूक छींपा, भगवानदास स्वामी, सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम शर्मा, इंदर चंद देवड़ा, भादर भामू, कालूराम तंवर, सरवन बारूपाल, पंडित देवकीनंदन दाधीच, दीपाराम जाट, कमला प्रजापत, जीवन राम प्रजापत, डॉ मोहन मेघवाल, रामदयाल राजपुरोहित आदि सदस्य उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत मांडासी पंचायत समिति नवलगढ़

जिला झुन्झुनूं (राज.)

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/92 दिनांक:- 22/07/2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मांडासी पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc,rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।
NIB NO. ZJU2627A0414
UBN NO. ZJU2627SSRC00823
Tender id :- 2026_PRD_577071_1

प्रशासक
ग्राम पंचायत मांडासी
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत मांडासी
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## कार्यालय ग्राम पंचायत बालसमन्द पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/1045 दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 39/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत बालसमन्द में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0546 UBN-ZNR2627GLOB00739

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत बालसमन्द
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत बालसमन्द
पंचायत समिति लाडनूँ


# ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर आयोजित

**बुगाला (नवयत्न)।** ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं एवं राजस्व सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुक्रवार को राजकीय सीनियर सेकेंडरी विद्यालय में ग्रामीण सेवा फॉलोअप शिविर लगाया गया। ग्राम विकास अधिकारी कुलदीप सिंह ने बताया कि शिविर के दौरान सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 4 सत्यापन, पालनहार योजना के 18 आवेदन, नामांतरण के 11 प्रकरण, अभिलेख शुद्धिकरण का 1 मामला तथा जाति एवं मूल निवास प्रमाण-पत्रों के 25 आवेदन प्राप्त किए गए। विशेष उपलब्धि यह रही कि बिजली विभाग से संबंधित एक परिवाद का मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे संबंधित व्यक्ति को राहत मिली। वहीं कृषि विभाग की ओर से 30 किसानों की फसल बीमा योजना के अंतर्गत बीमा प्रक्रिया पूरी की गई, जिससे किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान की स्थिति में सुरक्षा मिल सकेगी। शिविर में तहसीलदार बजरंग लाल मीणा, गिरदावर सुनील कुमार, पटवारी उर्मिला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बाय पंचायत समिति नवलगढ़

जिला झुन्झुनूं (राज.)

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/70 दिनांक:- 22/07/2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाय पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc,rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।
NIB NO. ZJU2627A0406
UBN NO. ZJU2627SSRC00802
Tender id :- 2026_PRD_577069_1

प्रशासक
ग्राम पंचायत बाय
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत बाय
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## कार्यालय ग्राम पंचायत मंगलपुरा पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/84 दिनांक : 23.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 41/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत मंगलपुरा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0550 UBN-ZNR2627GLOB00743

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत मंगलपुरा
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत मंगलपुरा
पंचायत समिति लाडनूँ


# नाबालिगा की अश्लील वीडियो व फोटो बनाकर किया ब्लैकमेल

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ में नाबालिगा की अश्लील वीडियो व फोटो बनाकर एक युवक द्वारा ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। आरोपी ने नाबालिगा से तीन लाख रुपए नकदी व लाखों के स्वर्ण आभूषण ले लिए तथा उसका देहशोषण भी किया। इस आशय का मुकदमा 48 वर्षीय महिला ने पुलिस में दर्ज करवाया है। पुलिस ने बताया कि महिला द्वारा दी गई रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि पड़िहारा निवासी 22 वर्षीय आनंद ने बहला-फुसलाकर उसकी नाबालिग बेटी की अश्लील फोटो व वीडियो बना ली। उसके बाद आरोपी के दबाब में उसकी बेटी ने घर के सारे स्वर्ण आभूषण उसे दे दिए। करीब एक माह पूर्व आरोपी उसके घर आया तथा उसकी बेटी के साथ शारीरिक संबंध बनाए और एक लाख रुपए की डिमांड की। उसे नाबालिगा ने 50 हजार रुपए दिए। उसके बाद आरोपी फिर से रुपए देने का दबाव बनाने लगा। रिपोर्ट में आरोप लगाया है कि मकर संक्रांति से लगातार आरोपी उसकी बेटी को ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठ रहा है। आरोपी ने अब तक 40 लाख रुपए के स्वर्ण आभूषण एवं तीन लाख रुपए नकदी ले लिए हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की जांच सीआई संदीप कुमार कर रहे हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत घोड़ीवारा खुर्द पंचायत समिति नवलगढ़

जिला झुन्झुनूं (राज.)

क्रमांक:- ग्रा.प./SBM/2026-27/29 दिनांक:- 22/07/2026

**ई-निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घोड़ीवारा खुर्द पंचायत समिति नवलगढ़ के अधिनस्थ ग्राम पंचायत के समस्त ग्रामों में आगामी एक वर्ष के लिए घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक श्रम विभाग एवं जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से दर अनुबन्ध हेतु ई-निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म /शर्ते कार्यालय एवं http://sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc,rajasthan.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध है।
NIB NO. ZJU2627A0419
UBN NO. ZJU2627SSRC00829
Tender id :- 2026_PRD_577074_1

प्रशासक
ग्राम पंचायत घोड़ीवारा खुर्द
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत घोड़ीवारा खुर्द
पं.स. नवलगढ़ (झुंझुनू)

## तेज रफ्तार टैक्सी ट्रक में जा घुसी
# हादसे में चालक की मौत

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** दौलतपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि सफेदा फार्म से रोड नंबर-14 मार्ग पर आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से पीछे आ रही टैक्सी कार उसमें जा घुसी। इस हादसे में टैक्सी चालक की मौत हो गई, जबकि कार में सवार महिला घायल हो गई। प्राथमिक उपचार के बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। दुर्घटना के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। दौलतपुरा थाना प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान मनोज कुमार 27 निवासी मेहंदवास जिला टोंक के रूप में हुई है। मनोज टैक्सी चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। गुरुवार की रात को वह एक महिला यात्री को लेकर रींगस गया था और गुरुवार-शुक्रवार की मध्यरात्रि जयपुर लौट रहा था। इसी दौरान सफेदा फार्म के पास आगे चल रहे ट्रक के अचानक ब्रेक लगाने से तेज रफ्तार टैक्सी अनियंत्रित होकर ट्रक के पीछे जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक मनोज उसमें बुरी तरह फंस गया। हादसे के बाद महिला यात्री मामूली घायल होने के कारण स्वयं कार से बाहर निकल आई। सूचना मिलने पर दौलतपुरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से काफी मशक्कत के बाद चालक को कार से बाहर निकाला। पुलिस दोनों घायलों को कांवटिया अस्पताल लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मनोज को मृत घोषित कर दिया। महिला का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई। शुक्रवार दोपहर पुलिस ने कांवटिया अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं क्षतिग्रस्त कार को क्रेंन की सहायता से हटाकर थाने लाया गया है। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश कर रही है तथा दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## पीबीएम अस्पताल में हंगामा, मरीज और गार्ड आपस में उलझे



निसं

**बीकानेर (नवयत्न)।** पीबीएम अस्पताल की मेडिसिन की 16 नंबर ओपीडी में शुक्रवार को उस समय हंगामे की स्थिति बन गई, जब एक मरीज और सुरक्षा गार्ड के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक होने लगी, जिससे ओपीडी में मौजूद मरीजों और परिजनों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराने का प्रयास किया। इस दौरान कुछ मरीज पुलिस से भी उलझ गए, जिससे माहौल कुछ देर के लिए तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने संबंधित लोगों को अपनी गाड़ी में बैठाकर थाने ले गई, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना के कारण मेडिसिन ओपीडी में कुछ समय तक अव्यवस्था का माहौल रहा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## प्रिंस कॉलेज में एआई पर स्पीच कॉम्पिटिशन आयोजित



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** पालवास रोड, सीकर स्थित प्रिंस कॉलेज में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एआई पर स्पीच कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में यूपीएससी सिविल सर्विसेज विंग कॉलेज प्रथम वर्ष के आठ विद्यार्थियों की चार टीमों ने भाग लिया तथा एआई के पक्ष व विपक्ष में अपने विचार रखे। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि प्रिंस एनडीए एकेडमी के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर ब्रिगेडियर एचएस पिलखवाल ने प्रतिभागियों के आत्मविश्वास व प्रस्तुतिकरण की सराहना की जबकि ज्यूरी मेंबर्स में शामिल प्रिंस सीबीएसई एकेडमी के शिक्षक चैन सिंह व नरेश जोया ने विजेता विद्यार्थियों व टीम का चयन किया। प्रतिभागी टीम डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को प्रथम स्थान, सीवी रमन को द्वितीय तथा आर्यभट्ट एवं डॉ. विक्रम साराभाई टीमों को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हेतु चुना गया। वहीं एकल विजेता वर्ग में पूजा स्वामी को प्रथम स्थान, आंचल फगेड़िया को द्वितीय एवं शोभित को तृतीय स्थान पर चुना गया तथा पुरस्कारस्वरूप गोल्ड मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्य प्रतिभागियों को डायरी व पेन देकर सम्मानित किया गया।

## बलबीर सिंह को बनाया ग्रामीण अध्यक्ष

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** रालोद के चूरू जिलाध्यक्ष भंवरलाल गहलोत ने बलबीर सिंह राजपुरोहित, निवासी रणधीसर को राष्ट्रीय लोकदल के राजस्थान अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष इलियास खान की अनुशंषा पर सुजानगढ़ तहसील ग्रामीण अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के साथ ही पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरणसिंह की नीतियों को ग्रामीण क्षेत्र में पहुंचाकर पार्टी को मजबूत करने के निर्देश बलबीरसिंह को दिए गए हैं। इस मौके पर चूरू राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष समीर खान खोखर, जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हाकम अली अगवान, तहसील महासचिव अल्पसंख्यक मुहम्मद अली तगाला, सुजानगढ़ शहर ब्लॉक अध्यक्ष हीरालाल शर्मा, हेमंत सिंह, सुरेश अन्य पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित

निसं



**बीदासर (नवयत्न)।** थाना परिसर में गुरुवार की देर शाम को सामुदायिक संपर्क समूह सदस्यों की महत्वपूर्ण बैठक पुलिस उपाधीक्षक विजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाना, साइबर अपराधों की रोकथाम, यातायात व्यवस्था में सुधार, अवैध नशे के कारोबार पर प्रभावी अंकुश तथा पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा। बैठक में पुलिस अधिकारियों ने सीएलजी सदस्यों के साथ खुलकर संवाद करते हुए क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की और उनके समाधान के लिए सुझाव आमंत्रित किए। बैठक की शुरुआत में डीएसपी विजय कुमार ने कहा कि सामुदायिक संपर्क समूह पुलिस और जनता के बीच विश्वास की मजबूत कड़ी है। उन्होंने कहा कि आमजन के सहयोग के बिना अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव नहीं है। समाज के जागरूक नागरिक यदि पुलिस के साथ मिलकर कार्य करें तो अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ सामाजिक सौहार्द और शांति व्यवस्था भी मजबूत होती है। बैठक के दौरान सीएलजी सदस्य अफजल हुसैन सलामपुरिया एवं पुसाराम चौहान ने मंडी बाजार और पुराने बस स्टैंड क्षेत्र में प्रतिदिन लगने वाले यातायात जाम की समस्या प्रमुखता से उठाई। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में दुकानों के बाहर अव्यवस्थित वाहन खड़े रहने और लगातार बढ़ते यातायात के कारण दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। इससे व्यापारियों, विद्यार्थियों, महिलाओं, बुजुर्गों और राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इन स्थानों पर नियमित ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की तैनाती, अतिक्रमण पर नियंत्रण तथा यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने की मांग की। कांग्रेस नेता भागीरथ गुरु एवं कटार सिंह जाखड़ ने क्षेत्र में बढ़ते अवैध मादक पदार्थों के कारोबार और युवाओं में नशे की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा समाज और परिवार दोनों के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। उन्होंने पुलिस से इस दिशा में लगातार अभियान चलाकर नशा तस्करों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने तथा विद्यालयों और महाविद्यालयों में जनजागरण कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया। बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी विजय कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं और अपराधी नए-नए तरीकों से लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजान कॉल, फर्जी लिंक, ऑनलाइन लोन, निवेश के झांसे, केवाईसी अपडेट, बैंक अधिकारी बनकर की जाने वाली कॉल तथा ओटीपी मांगने वाले व्यक्तियों से सतर्क रहें। किसी भी परिस्थिति में अपनी बैंकिंग जानकारी, एटीएम कार्ड का विवरण, ओटीपी या पासवर्ड किसी के साथ साझा नहीं करें। यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है तो वह तुरंत साइबर हेल्पलाइन अथवा निकटतम पुलिस थाने में सूचना देकर समय रहते शिकायत दर्ज कराए ताकि राशि को सुरक्षित रखने और आरोपियों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई की जा सके। उन्होंने सीएलजी सदस्यों से सामाजिक सौहार्द बनाए रखने, अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री को साझा नहीं करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि, असामाजिक तत्व या कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली सूचना तुरंत पुलिस तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं बल्कि जनसहयोग से अपराधों की रोकथाम करना भी है। थानाधिकारी सुभाष चंद ने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा और सेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि कहीं अवैध नशे का कारोबार, जुआ, सट्टा, संदिग्ध गतिविधियां या अन्य आपराधिक घटनाओं की जानकारी मिले तो बिना किसी भय या संकोच के पुलिस को सूचना दें। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा दोषियों के विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने सड़क सुरक्षा नियमों की पालना, हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य उपयोग, नाबालिगों को वाहन नहीं देने तथा यातायात नियमों का पालन करने की भी अपील की। साथ ही लोगों से आपसी भाईचारा, शांति और सामाजिक समरसता बनाए रखने का आग्रह किया गया। बैठक के समापन पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए थाना परिसर में पौधरोपण किया गया।

अधिकारियों एवं सीएलजी सदस्यों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश सोनी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष जेठाराम यादव, शिव कुमार टांटिया, अमृतलाल बोरावड़, गोपाल प्रजापत, रफीक ब्योपारी, दीपाराम सारण, विनोद सोनी, सिकंदर सोलंकी, राजकुमार राठी, बजरंग मोदी सहित बड़ी संख्या में सीएलजी सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दुकानदारों ने इंटरलॉक सड़क और डामर सड़क के बीच हो रहे गड्ढों को मलबा डालकर भरवाया



निसं

**बिसाऊ (नवयत्न)।** बिसाऊ के मलसीसर स्टैंड पर दुकानदारों ने इंटरलॉक सड़क और डामर सड़क के बीच हो रहे गड्ढों को मलबा डालकर भरवाया। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों पहले स्टैंड पर पीडब्ल्यूडी ने मनी ट्रांसफर कार्यालय से लेकर चांदमल राव की दुकान तक इंटरलॉक सड़क बनाई थी। डामर सड़क से इसका मिलान सही ढंग से नहीं किया गया। इसी कारण वहां अब काफी गहरे और लंबे गड्ढे बन रहे हैं। इससे सड़क मार्ग से निकलने वाले सैकड़ों वाहनों और पैदल चलने वाले लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं। इन गड्ढों के कारण हादसे का अंदेशा भी बना हुआ था। गड्ढों को भरवाने और मरम्मत करवाने के लिए पालिका और पीडब्ल्यूडी से मांग भी की गई थी लेकिन कुछ नहीं हुआ। इन गड्ढों से परेशान ऑटो चालक जयप्रकाश स्वामी ने भी दो माह पहले गड्ढों में मलबा डालकर भरा था लेकिन बारिश के पानी से वह मलबा बह गया। गड्ढे फिर से उभर आए। अब इन गड्ढों को मलबा डालकर भरने के लिए मलसीसर स्टैंड के दुकानदारों ने बीड़ा उठाया। गड्ढों को मलबा डालकर भरा गया। इन सभी दुकानदारों ने पीडब्ल्यूडी और पालिका से इन गड्ढों को स्थायी रूप से भरने की मांग की है। उन्होंने आमजन और खरीददारी के लिए आने वाले ग्राहकों को राहत पहुंचाने की भी मांग की है। उधर पालिका के जेईएन सोमंत कुमार का कहना है कि ये गड्ढे यहां होने वाले सड़क निर्माण के दौरान भर जाएंगे। मलबा डलवाने का कार्य मलसीसर स्टैंड व्यापार मंडल अध्यक्ष सुभाष खटीक के निर्देशन में हुआ है। इस मौके पर इंद्राज चौहान, मनीष बिरमीवाला, चांदमल राव, विद्याधर पूनिया, इमरान खान आदि दुकानदार मौजूद रहे।

## निवर्तमान पार्षद भार्गव को दी श्रद्धांजलि



निसं

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ के सिद्धपीठ श्री ताल वाले बालाजी श्यामजी मंदिर प्रांगण में गत सायं मंदिर श्री ताल वाले बालाजी सेवा समिति के सदस्य नंदकिशोर भार्गव को पुजारी परिवार के सदस्य, सेवा समिति के सदस्य, श्याम मंदिर कमेटी एवं अखंड षोडश नाम संकीर्तन ट्रस्ट के सदस्यों ने भार्गव के चित्र पर पुष्प चढ़ा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। धनराज पुजारी ने बताया कि इस अवसर पर नीलेश पुजारी अजय पुजारी, समिति के अध्यक्ष मुरारी लाल पारीक, एवं गिरधारी बाजोरिया, प्रहलाद पारीक, गिरीश माटोलिया बद्री प्रसाद पारीक, मनोज जोशी, नरेंद्र नतालिया, पुजारी परिवार से सुशील, रवि पुजारी, धनराज पुजारी, हनुमान सिंह, श्यामसुंदर पारीक, कन्हैयालाल जांगिड, हरि प्रसाद बूंटोलिया, नंदकिशोर मटोलिया, सांवरमल सोनी, नरेंद्र नाथोलिया सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। तत्पश्चात सभी सदस्यों ने स्व. भार्गव के निवास पर पहुंचकर उनके पुत्र एवं भाइयों को शोक संवेदना पत्र दिया। स्व भार्गव श्री ताल वाले बालाजी मंदिर के नियमित भक्त थे एवं मासिक अखण्ड रामायण पाठ के 40 वर्षों सदस्य थे। गौरतलब है कि मंदिर के आयोजन में प्रशासनिक एवं नगरपालिका से सम्बन्धित व्यवस्था का भलीभांति निर्वहन बहुत जिम्मेदारी से निभाते थे।

# श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** श्री बालाजी सेवा धाम में गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा पंडाल में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा परिसर भक्ति, श्रद्धा एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर नजर आया। श्रीमद्भागवत कथा का वाचन अनंत श्री विभूषित महामण्डलेश्वर एवं श्री बालाजी सेवा धाम पीठाधीश्वर आचार्य बजरंग दास महाराज ने अपने ओजस्वी एवं संगीतमय प्रवचनों के माध्यम से किया। उन्होंने श्रीमद्भागवत की महिमा, भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं तथा मानव जीवन में धर्म, सेवा और सदाचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक जीवन अपनाने का संदेश दिया। उनके मधुर वचनों और भक्ति रस से ओत-प्रोत कथा ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन समिति ने बताया कि यह श्रीमद्भागवत कथा 22 जुलाई से 29 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 12:15 बजे से शाम 4:15 बजे तक आयोजित की जा रही है। बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क बस सेवा, भोजन एवं आवास की विशेष व्यवस्था की गई है, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु कथा का लाभ प्राप्त कर सकें। गुरु पूर्णिमा महोत्सव के अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 8:15 बजे गुरु पूजन, 9:15 बजे हवन-यज्ञ, 10:15 बजे गुरु आशीर्वाद वचन तथा दोपहर 12:15 बजे विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। तृतीय दिवस की कथा में गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, युवा एवं बड़ी संख्या में मातृशक्ति ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से कथा एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

# तेरापंथ महिला मंडल की साधारण सभा आयोजित



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशानुसार तेरापंथ महिला मंडल, लाडनूं की वर्ष 2025-2026 की साधारण सभा का आयोजन तेरापंथ महिला मंडल के अमृतम भवन में अध्यक्ष आरती कठौतिया की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। नवकार मंत्र के साथ बैठक का शुभारम्भ हुआ। तत्पश्चात सभी ने मंगलाचरण में प्रेरणा गीत को प्रस्तुति दी। सेवा केंद्र व्यवस्थापिका हाकम कीर्ति लता जी ने प्रेरणा पाथेय प्रदान किया। अध्यक्ष आरती कठौतिया ने स्वागत भाषण के माध्यम से सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। पूर्व अध्यक्ष सुमन गोलछा के द्वारा संविधान का वाचन किया गया। उपमंत्री सुनीता बैद ने गत साधारण बैठक का वाचन किया सभी ने ओम अर्हम द्वारा उसे पारित किया। मंत्री लीना दूगड़ ने वर्षभर में आयोजित विभिन्न धार्मिक, सामाजिक, सेवा एवं रचनात्मक गतिविधियों का विस्तृत कार्य प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसे सदन द्वारा पारित किया गया। कोषाध्यक्ष सुमन बेद ने मंडल का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत करते हुए वित्तीय वर्ष का संपूर्ण लेखा-जोखा सदन के समक्ष रखा। अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल द्वारा निर्देशित मर्यादा हमारी पहचान बने टॉपिक पर संगठन मंत्री मीनू बोथरा ने कन्या मंडल के साथ जिसमें कोमल चौरडिया, हर्षिता बोथरा, कुमकुम कोठारी और जयश्री नाहटा ने प्रस्तुति दी।

## राष्ट्रपति भवन में होगा जयपुर के दो नवाचारों का सम्मान

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** जयपुर के लिए गौरव की बात है कि अटल इन्क्यूबेशन सेंटर-जेके लक्ष्मीपत विश्वविद्यालय एआईसी-जेकेएलयू से जुड़े दो स्टार्टअप फाउंडर्स को 31 जुलाई को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले ग्रासरूट्स इनोवेटर रिकॉग्निशन-2026 से सम्मानित किया जाएगा। देशभर के 26 चयनित नवाचारकों में उन्नति एडेप्टिव डिवाइसेज की संस्थापक नेहा सोलंकी और सनबर्ड स्ट्रॉस के संस्थापक चिराग एम.जी. का चयन किया गया है। इनका चयन नवाचार की मौलिकता, सामाजिक प्रभाव और जमीनी जरूरतों के समाधान के आधार पर हुआ है। नेहा सोलंकी ने दिव्यांग बच्चों के लिए किफायती और उपयोगी सहायक उपकरण विकसित किए हैं। उनका प्रमुख उत्पाद श्बड्डी चेयरश् चार से 12 वर्ष तक के दिव्यांग बच्चों को पढ़ाई, थेरेपी और भोजन के दौरान सही पोश्चर और आवश्यक सहारा उपलब्ध कराता है। भारत में इस तरह के उपकरणों की कमी को देखते हुए उन्होंने यह समाधान तैयार किया। वर्तमान में उनकी कंपनी दिव्यांग बच्चों की गतिशीलता बढ़ाने के लिए फ्रीडम राइड एडेप्टिव स्ट्रॉलर पर भी कार्य कर रही है। नेहा सोलंकी ने कहा कि एआईसी-जेकेएलयू के मार्गदर्शन और सहयोग से एक छोट-सा विचार आज सैकड़ों परिवारों तक पहुंच सका है। यह सम्मान उनके लिए आगे और बेहतर कार्य करने की प्रेरणा बनेगा। वहीं चिराग एम.जी. ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभिनव पहल करते हुए नारियल के सूखे पत्तों और कृषि अपशिष्ट से रसायन-मुक्त स्ट्रॉ तैयार किए हैं। ये स्ट्रॉ प्लास्टिक का सस्ता, टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल विकल्प हैं। इस नवाचार से न केवल प्लास्टिक कचरे में कमी आएगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। एआईसी-जेकेएलयू की मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि कछावा ने कहा कि यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि स्थानीय समस्याओं के समाधान स्थानीय स्तर पर विकसित नवाचारों से ही संभव हैं।

## टी.सी. रोकने एवं अतिरिक्त शुल्क मांगने पर विधिक सेवा समिति का सख्त रुख

**तारानगर (नवयत्न)।** तालुका विधिक सेवा समिति, तारानगर में आज आयोजित सुनवाई के दौरान डीपीएसण् स्कूल, तारानगर के विरुद्ध दायर प्रार्थना पत्र पर महत्वपूर्ण आदेश पारित किया गया। प्रकरण की सुनवाई के दौरान प्रार्थी ओमप्रकाश उपस्थित रहे, जबकि विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य विद्याधर सिंह सहारण उपस्थित हुए। प्रार्थी ने दिनांक 02 जुलाई 2026 को 35,000 विद्यालय शुल्क जमा किए जाने की रसीद प्रस्तुत करते हुए बताया कि शुल्क जमा होने के बावजूद उनके बच्चों की टी.सी. स्थानांतरण प्रमाण-पत्र जारी नहीं की जा रही है तथा विद्यालय द्वारा अतिरिक्त राशि की मांग की जा रही है। सुनवाई के दौरान विद्यालय प्रशासन से संबंधित रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के लिए समय मांगा गया। समिति ने प्रथम दृष्टया माना कि शुल्क जमा होने के बाद भी टी.सी. जारी न करना तथा अतिरिक्त राशि की मांग करना अनुचित एवं अवैध वसूली की श्रेणी में आता है। तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष ने विद्यालय एवं प्रधानाचार्य को निर्देशित किया है कि दिनांक 25 जुलाई 2026 को प्रातः 10:00 बजे तक प्रार्थी के बच्चों कृष्णा शर्मा कक्षा 8 एवं विनिता कक्षा 7 की टी.सी. प्रार्थी को उपलब्ध कराई जाए। समिति ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय तक आदेश की पालना नहीं की गई तो विद्यालय एवं प्रधानाचार्य के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी तथा प्रार्थी को 2 लाख तक हर्जाना प्राप्त करने का अधिकार रहेगा। आदेश की प्रमाणित प्रति संबंधित थाना, तारानगर के माध्यम से विद्यालय एवं प्रधानाचार्य को भिजवाने के निर्देश दिए गए हैं। मामले में पालना रिपोर्ट 27 जुलाई 2026 को प्रस्तुत की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर (राज.) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190